चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 92, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 01 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पंजाब के लुधियाना में गैस लीक से 11 लोगों की मौत, चार की हालत गंभीर

**चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना में रविवार सुबह हुए गैस लीक से अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। जिला प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के हैं। कई अन्य लोग बेहोश हो गए। 15 लोगों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। हालांकि यह हादसा किन कारणों से हुआ, यह अभी पता नहीं चल सका है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जिला प्रशासन से मामले की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तलब की है।लुधियाना की जिला उपायुक्त सुरभि मलिक ने बताया कि अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में पांच व्यक्ति एक ही परिवार के हैं। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा 15 लोगों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है, जिनमें चार की हालत गंभीर बनी



हुई है। सभी मृतकों के पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन कर दिया गया है। लोगों को निर्देश दिए गए हैं कि वह गैस का दबाव कम होने तक प्रभावित क्षेत्र में न जाएं।

लुधियान के ग्यासपुरा इलाके में रविवार सुबह गैस लीक होने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग जगह-जगह बेहोश होकर गिरने लगे तो कई नींद में सोए रह गए। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। पूरे क्षेत्र को खाली करवा लिया गया है।

लुधियाना के पुलिस आयुक्त मनदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने समूचा क्षेत्र खाली करवा लिया है। अधिकारियों के अनुसार अभी यह साफ नहीं हो सका है कि यह हादसा किस तरह की गैस लीक होने के कारण हुआ। आशंका जताई जा रहा है कि आसपास के किसी उद्योग ने ऐमिकल वेस्ट को नियमानुसार समाप्त करने की बजाए सीवर के गटर में फेंक दिया। इससे हुए केमिकल रिएक्शन के बाद पूऐ इलाके में जहरीली गैस फैल गई, जिससे यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की टीमों को विशेष उपकरण के साथ बुलाया गया है। यहां के मेनहॉल के सैंपल लिए जा रहे हैं।

## खत्म हो चुकी कांग्रेस की वारंटी, हर गारंटी झूठ होगी: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जनता से विश्वासघात करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की वारंटी खत्म हो चुकी है इसलिए उनकी हर गारंटी झूठी होगी। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के कोलार और चन्नपटण में सार्वजनिक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता दल सेकुलर और कांग्रेस कर्नाटक को केवल एटीएम मानते हैं। वहीं भाजपा कर्नाटक को देश में विकास का ग्रोथ इंजन मानती है। कांग्रेस और जेडीएस दिखावे के लिए दो हैं लेकिन दिल से एक हैं। दिल्ली में साथ-साथ रहते हैं। संसद में एक-दूसरे का साथ देते हैं। दोनों दल परिवारवादी हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जेडीएस की सरकार में कुछ विशेष परिवार ही फलते-फूलते हैं लेकिन भाजपा देश के हर परिवार को अपना परिवार मानती है। हिमाचल प्रदेश में बनी कांग्रेस सरकार का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने यहां महिलाओं के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने हिमाचल में गारंटी दी कि पहली कैबिनेट बैठक में वे हर महिला



को 1500 रुपये देंगे। वे महिलाएं अभी भी पैसे का इंतजार कर रही हैं। हिमाचल की पहली कैबिनेट में उन्होंने डीजल के दाम बढ़ाए थे। उन्होंने भाजपा की कई योजनाओं को बंद कर दिया। ये है कांग्रेस का असली चेहरा। उनके पास रिवर्स गियर की नीति है।

उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों के खातों में अब तक करीब ढाई लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। इसमें से करीब 18 हजार करोड़ रुपये कर्नाटक के किसानों को दिए जा चुके हैं। सच्ची गारंटी का यही मतलब है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई से बहुत परेशान है। वे उनसे घृणा करने लगी है और आक्रमण करने लगी है। वह धमकी दे रहे हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी। कांग्रेस मेरी तुलना सांप से कर रही है और जनता से वोट मांग रही है, लेकिन सांप तो भगवान शंकर के गले की शोभा है और मेरे लिए देश की जनता शिव का ही स्वरूप है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि 2014 से पहले करप्शन का कालखंड रहा। भाजपा ने इस स्थिति में बदलाव लाया और आज भारत की प्रतिष्ठा बुलंदी पर है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत दुनिया में एक ब्राइट सपोर्ट बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कर्नाटक को डबल इंजन सरकार के माध्यम से देश का नंबर वन राज्य बनाना चाहती है। डबल इंजन की सरकार आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही है। बेंगलुरु चेन्नई एक्सप्रेस वे से किसानों और उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह चन्नपटण भी खिलौनों की धरती है। हालांकि कांग्रेस ने पारंपरिक खिलौना उद्योग को नष्ट कर दिया। भारत के बाजार सस्ते विदेशी खिलौनों से भरे पड़े थे। उन्होंने देश के लोगों को मेड इन इंडिया के खिलौने खरीदने की सलाह दी थी। इससे खिलौनों के आयात में 70 प्रतिशत की कमी आई है और भारतीय खिलौनों के निर्यात में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कर्नाटक को डबल इंजन सरकार के माध्यम से देश का नंबर वन राज्य बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही है। बेंगलुरु चेन्नई एक्सप्रेस वे से किसानों और उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे।

## लुधियाना गैस लीक हादसे में मरने वालों में बिहार के पांच लोग, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**पटना।** पंजाब के लुधियाना में जहरीली गैस से मरने वालों में पांच लोग बिहार के हैं। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लुधियाना के ग्यासपुरा जहरीली गैस से लोगों के मरने की घटना पर दुखद जताया।मुख्यमंत्री ने मृतकों में बिहार के लोगों के परिवार को मुआवजा देने की घोषणा के साथ ही पंजाब से उनके शव लाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को लुधियान में बिहार के गया जिले के रहने वाले एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने लुधियाना के जहरीली गैस लीक घटना में बिहार के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि पंजाब सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक लाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## कर्नाटक चुनाव: भाजपा सोमवार को जारी कर सकती है घोषणा पत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को बेंगलुरु में पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा की मौजूदगी में घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। पार्टी इसे विजन डाक्युमेंट बता रही है और इसका नाम प्रजा ध्वनि होगा अर्थात जनता की आवाज। पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह घोषणा पत्र सोमवार सुबह बेंगलुरु में जारी किया जाएगा। कांग्रेस पहले ही कर्नाटक की जनता से कई वादे कर चुकी है। इसमें मुफ्त बिजली, महिलाओं को नकदी, 10 किलो मुफ्त चावल जैसी घोषणाएं हैं।

## पहलवानों का आठवें दिन भी प्रदर्शन जारी, समर्थन देने पहुंचे भीम आर्मी चीफ




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिला स्थित जं तर-मंतर पर पहलवानों के प्रदर्शन का आज आठ वां दिन है। इस बीच सुबह पहलवानों के धरने को समर्थन देने के लिए भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद भी जंतर-मंतर पहुंचे हैं। इस मौके पर चंद्रशेखर ने कहा, ह्यये लड़ाई पार्टी, जाति या धर्म की नहीं है, बल्कि यह लड़ाई इंसाफ की है। सरकार कह रही है कि ये जाट आंदोलन है. आज सरकार प्रदर्शन को धर्म के चश्मे से देख रही है।जंतर-मंतर पर पहुंचकर भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर ने केंद्र की सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि देश में आज न्याय के लिए लोगों को प्रदर्शन करना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही है। भाजपा सरकार में लगातार लोगों पर अत्याचार किया जा रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है। देश का मान सम्मान है और नाम ऊंचा करने वाली आज हमारी बेटियों को अपने ऊपर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद एफआईआर हो रही है। उन्होंने कहा कि जब पहली बार उन्होंने धरना प्रदर्शन दिया था, तब भी उनको सपोर्ट था। लेकिन तब पहलवानों ने किसी भी राजनीतिक दल या लोगों के आने पर रोक लगा रखी थी। जब पहलवानों ने खुले मंच पर कहा कि हमें सब की जरूरत है। तब भीम आर्मी हमेशा से ही देश हित के लिए काम करती रही है और हो रहे अत्याचार को लेकर आवाज उठाती रही है। आज जब हमारे देश की आन-बान-शान पहलवान धरने पर बैठे हैं, तो भीम आर्मी की तरफ से पूरा सपोर्ट इन के लिए रहेगा और यह अकेला भीम आर्मी नहीं हर व्यक्ति इनके समर्थन में खड़ा है। लाखों लोग पहलवानों के समर्थन में खड़े हैं।चंद्रशेखर रावण ने आगे कहा कि किस तरह से भाजपा की सरकार एक व्यक्ति को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। एक तरफ सरकार ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्ण का नारा देती है, दूसरी तरफ हमारे देश की बेटियों पर अत्याचार हो रहा है, शोषण हो रहा है, लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया। यह लड़ाई अब इनकी लड़ाई नहीं है। पूरे देश की लड़ाई है।उन्होंने कहा कि ये मान-सम्मान की लड़ाई है और सभी जानते हैं बृजभूषण शरण सिंह के ऊपर कितने आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिर भी उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी शनिवार को प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को समर्थन देने पहुंचे थे। उन्होंने देशभर के लोगों से पहलवानों को समर्थन देने और जंतर मंतर पहुंचने की अपील की थी।

## लुधियाना गैस लीक मामले पर गृहमंत्री शाह ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंजाब के लुधियाना में गैस लीक दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख जताया है। गृहमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि एनडीआरएफ की टीम मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। वह हादसे में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।उल्लेखनीय है कि पंजाब में गैस लीक के कारण बच्चों सहित कुल 11 लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। हादसा शहर के ग्यासपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के नजदीक एक इमारत में बने मिल्क बूथ में सुबह करीब 7:15 बजे हुआ।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सुनी "मन की बात"

**रायबरेली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात अपने संसदीय क्षेत्र के सभी सातों नगर निकाय के अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के साथ सुना। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर अपने क्षेत्र व समाज के विकास के लिए निरंतर काम करने का संकल्प लेने की बात कही।

स्मृति ईरानी सुबह विमान से लखनऊ पहुंची और वहां से वह सड़क मार्ग से संसदीय क्षेत्र के सलोन विधान सभा क्षेत्र के परशदेपुर नगर पहुंची। यहां स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र के सभी नगर निकाय उम्मीदवारों व आम जन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मन की बात एक कार्यक्रम न होकर जनता से सीधा संवाद है,सरकार और जनता के बीच की अहम कड़ी। उन्होंने इससे लोगों को प्रेरणा लेने की बात कही। परशदेपुर नगर के माता मिढुरिन मंदिर परिसर में स्मृति ईरानी के साथ सलोन विधायक अशोक कुमार, परशदेपुर नगर पंचायत उम्मीदवार ओम प्रकाश मौर्य, सलोन उम्मीदवार परमेश पटेल, नसीराबाद नगर पंचायत से अध्यक्ष पद की महिला उम्मीदवार अनीसा बानों, जायस नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष पद उम्मीदवार बीना सोनकर, गौरीगंज से उम्मीदवार रश्मि सिंह व मुसाफिरखाना उम्मीदवार वृजेश कुमार गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## गुवाहाटी से 14 मई को चलेगी पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत ट्रेन

गुवाहाटी, 30 अप्रैल (हि.स.)। देश के अन्य हिस्सों में चल रही भारत की अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। पूर्वोत्तर के लोग भी काफी समय से वंदे भारत के परिचालन को लेकर टकटकी लगाए हुए थे। वह घड़ी अब आ गयी है, जब पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन 14 मई से होने जा रहा है। पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के सूत्रों ने हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि 14 मई को गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच वंदे भारत ट्रेन का औपचारिक रूप से परिचालन होगा। ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। हालांकि, वे गुवाहाटी आएंगे या दिल्ली से इसका वर्चुअली उद्घाटन करेंगे, अभी तक स्थिति पूरी तरह से साफ नहीं हो



पायी है। उसी दिन असम समेत पूर्वोत्तर के लिए रेलवे की चार से पांच अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किये जाने की तैयारी की गयी है। गुवाहाटी से एनजेपी के बीच वंदे भारत का ठहराव किन-किन स्टेशनों पर होगा, इसकी सूची तैयार कर ली गयी है, जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। असम समेत पूरे पूर्वोत्तर में रेलवे के विकासात्मक कार्य काफी तेज गति से चल रहे हैं। गुवाहाटी तक दोहरी लाइन का कार्य अपने अंतिम चरण में है।

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देवघर।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार महेश्वरी एवं झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने रविवार को सपरिवार बाबा बैद्यनाथ का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।प्रशासनिक भवन में तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया। इसके बाद दोनों जस्टिस ने द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक बाबा बैद्यनाथ का रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने दोनों जजों को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और बाबा मंदिर का



प्रसाद दिया। इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल उच्च न्यायालय रांची, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय, प्रभारी एसपी नाथू सिंह मीना, बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी दीपांकर चौधरी एवं संबंधित अधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रंजिशन चलाई गोली से युवक घायल

**नामजद रिपोर्ट दर्ज आरोपी फरार पुलिस जांच में जुटी**

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हनुमानपुर मोरी धरवारा के पास रविवार शाम कृष्ण जी पांडेय उर्फ भोले(35) पुत्र हरी प्रसाद पांडेय निवासी भडेवरा थाना करछना, रविवार शाम अपने मोटरसाइकिल की चेन बनवाने अर्जुन पटेल की दुकान पर हनुमानपुर मोरी गए थे। तभी हनुमानपुर निवासी प्रमोद दुबे बंदूक लेकर आए, और उनके ऊपर गोली चला दी।कृष्ण जी पांडेय ने बचने के लिए बंदूक की नली को पकड़ लिया गोली उनके हाथ में लगी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। वही गोली मारकर प्रमोद दुबे फरार हो गया। मौके पर पहुंची करछना पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दोनों में पूर्व से जमीन के एक भूखंड को लेकर विवाद पहले से चला आ रहा है का कारण बताया जा रहा है, मामले में करछना थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह हमलावर की तलाश में कई जगह दबिश दी लेकिन हमलावर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका।

# नैनी में सर्व जातीय कन्या सामूहिक विवाह का आयोजन सकुशल हुआ संपन्न

**समाज में निर्धन व अक्षम परिवारों के बेटियों के सामूहिक विवाह के लिए हम सभी संकल्पित : संतोष कुमार तिवारी**

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** त्रिवेणी संगम सेवा समिति, महेवा, प्रयागराज एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं सहित विशिष्टजनों के सहयोग से द्वादश कन्याओं का सामूहिक विवाह अत्यंत ही भव्यता एवं दिव्यता के साथ महेवा स्थित अतिथि गृह में संपन्न कराया गया !कार्यक्रम की शुभारंभ द्वारचार से हुई, जिसमें मंच संचालक प्रदेश सचिव दिनेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष विनोद दुबे ने सभी 12 जोड़ियों का जयमाल करवाकर तत्पश्चात मंत्रोच्चार के साथ फेरे दिलवाकर विवाह सम्पन्न करवाया वैवाहिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक पियूष रंजन निषाद ने बताया कि आज समाज में ऐसे सामूहिक आयोजनों की नितांत आवश्यकता है क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह उनके लिए वरदान सिद्ध होगा विशिष्ट अतिथि किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेश्वर कल्याणीनंद गिरि टीना माँ वरिष्ठ समाज सेवी डा०बी०के० कश्यप, सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी संतोष कुमार तिवारी ने मंच संचालन करते हुए बताया कि,समाज में निर्धन व अक्षम परिवारों के बेटियों के सामूहिक विवाह के लिए हम सभी संकल्पित है और ऐसे आयोजन के माध्यम से अगले वर्षों में और अधिक बेटियों को सामूहिक विवाह के लिए आमंत्रित करेंगे, संस्था के सचिव एवं माँ गंगा की स्वच्छता हेतु संकल्पित कुंवर जी तिवारी ने बेटियों के विवाह के लिए और अधिक सहयोग करने का संकल्प लिया, मुख्य सहयोगी संस्था - सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज द्वारा आए बरातियों का स्वागत एवं सत्कार किया गया वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध एवं जूही सेवा संस्थान की अध्यक्ष जूही श्रीवास्तव, वरिष्ठ सामाजिक चिंतक अवधेश निषाद,विजय रावत, बबिता जायसवाल, कामिनी गुप्ता, महेश प्रसाद केसरवानी,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया,ऋषि दीक्षित आदि उपस्थित रहे।



## आब्जर्बर ने शंकरगढ़ के संवेदनशील बूथों का किया मुआयना

**प्रेक्षक कृतिका शर्मा ने बारा तहसील मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था देखी**

**शंकरगढ़।** नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम फेज में शामिल प्रयागराज की प्रेक्षक कृतिका शर्मा ने रविवार को संवेदनशील केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोलिंग सेंटर्स के कमरों में जाकर वहां की स्थिति का जायजा लेने के बाद बारा तहसील मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम की हालत देखी। आब्जर्बर के साथ जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रयागराज की आब्जर्बर व अपर आयुक्त (कानपुर मंडल) कृतिका शर्मा ने रविवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ के मतदान केंद्रों का दौरा किया। परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह, तहसीलदार बारा रमेशचंद्र पांडेय, ईओ शंकरगढ़ संतोष कुमार वर्मा के साथ शंकरगढ़ पहुंची कृतिका शर्मा ने यहां बनाए गए सभी पोलिंग सेंटर का विजिट किया और सभी केंद्रों के प्रत्येक बूथ वाले कमरे में जाकर मौजूदा स्थिति व व्यवस्थाओं की हकीकत देखी। 12 वार्डों वाले नगर पंचायत शंकरगढ़ में चार मतदान केंद्र और 13 बूथ हैं, जिसमें अति संवेदनशील में राजा कमलाकर इंटर कालेज (तीन बूथ), संवेदनशील में राजकीय बालिका इंटर कालेज (पांच बूथ) और सामान्य में प्राइमरी स्कूल शंकरगढ़ (तीन बूथ) व पत्ती देवी इंटर कालेज (दो बूथ) का विजिट कर प्रेक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। यहां के निरीक्षण के बाद प्रेक्षक का काफिला बारा तहसील मुख्यालय पहुंचा, जहां पर प्रेक्षक ने पोलिंग पार्टियों की रवानी और मतदान के उपरांत मतदाता पेटी रखने केलिए बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# अखिलेश यादव की कथनी और करनी में कोई अंतर नही : अमरनाथ मौर्य

**सपा प्रत्याशी कंचन चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा में सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील**



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अमरनाथ मौर्य ने कहा, निकाय चुनाव में नगर पंचायत शंकरगढ़ में इतिहास बनने जा रहा है। यहां पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के आसपास कोई प्रत्याशी नहीं दिख रहा है। सभी लोग एक होकर पार्टी प्रत्याशी कंचन चौधरी को भारी बहुमत से जिताएं। अमरनाथ मौर्य ने कहा, सपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो सभी का विकास करने की क्षमता और इच्छाशक्ति रखती है।

नगर पंचायत शंकरगढ़ की सपा प्रत्याशी कंचन चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा में पार्टी कार्यकताओं और मतदाताओं में जोश भरते हुए अमरनाथ मौर्य ने कहा, सपा सुप्रीमो अखिलाश यादव की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। भारतीय जनता पार्टी शिक्षा का व्यवसायीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का चुनाव नहीं, अब आन, बान और शान की लड़ाई है। अगले वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। थोड़े परिश्रम से ही साइकिल दौड़ पड़ेगी। सपा प्रत्याशी कंचन चौधरी को कर्मठ और जुझारू प्रत्याशी करार देते हुए जिताने की अपील की। कंचन चौधरी के जीतने से नगर में चतुर्दिक विकास की गंगा बहेगी। जनसभा को जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, राष्ट्रीय सचिव वजीर खान ने भी संबोधित किया। संचालन पूर्व प्रधान राजकरन सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख गुलाब कली, कृपाशंकर बिंद, राजेश चौधरी, अजय सिंह,सभासद प्रत्याशी रानी पांडेय, अनीश खान, भागीरथी बिंद, बृजेश यादव, बलबीर पटेल, दिनेश सिंह, रामबहादुर, सुशील पांडेय,लाल बहादुर यादव, शैलेंद्र सिंह, अर्जुन तिवारी, संजय तोमर, राजू पाल, कमला देवी मौजूद रहीं। अंत में सपा प्रत्याशी प्रत्याशी कंचन चौधरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मऊआइमा में एम एल सी निर्मला पासवान ने किया नुक्कड़ सभा



**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला शाहगंज में एम एल सी निर्मला पासवान ने भाजपा से मऊआइमा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मो आलम के समर्थन में उपस्थित हो कर नुक्कड़ सभा का आयोजनकर मोहल्ला वासियो से नगर पंचायत मऊआइमा में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाने का आवाहन किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ला, निमिष खत्री, विजय सिंह आदेश पांडे, धर्मेंद्र पासी, अभिषेक यादव, बिलाल अहमद, आरिफ, सलमानी, अंसार अहमद, राहुल सिंह, बच्चू पासी, बालगोविंद पासी, मिठाई लाल आदि मौजूद रहे।

## भयाहू से जेठ करता था रेप, भाई का साथ दे रहा था पति, गिरफ्तार

**दो महीने पहले हुई थी युवती की शादी, तीन दिन पहले दोनो पर दर्ज कराया था केस**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के शिवपुरी थाने की पुलिस ने रविवार को दो सगे भाइयों को दहेज उत्पीड़न, रेप, गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी जैसी संगीन धाराओं के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह मुकदमा छोटे भाई की बीवी ने अपने पति और जेठ के खिलाफ दर्ज कराया था। दोनों पहले से ही शातिर अपराधी हैं और दोनों के खिलाफ शिवकुटी थाने में ही कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रयागराज नगर के शिवकुटी थाना अंतर्गत चिल्ला घाट गोविंदपुर निवासी शक्तिमान और उसके बड़े भाई लल्ला पुत्र लव कुश को थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ गोविंदपुर मोहल्ले से गिरफ्तार किया है। दोनों पर शक्तिमान की पत्नी ने पिछले दिनों गाली गलौज मारपीट रेप और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। उसने पुलिस को बताया कि शक्तिमान के साथ उसकी शादी 2 महीने पहले फरवरी में हुई थी। शादी के बाद से ही शक्तिमान उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। उसने आरोप लगाया है कि उसके जेठ लल्ला ने उसके साथ दुराचार किया और जब उसने इसकी शिकायत अपने पति से की तो पति उसकी मदद करने के बजाय अपने भाई के पक्ष में खड़ा हो गया। दोनों भाई मिलकर उसके साथ दुष्कर्म करते है और मारपीट करते है।विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते है।पीड़िता की शिकायत पर शिवकुटी पुलिस ने दोनों भाइयों शक्तिमान और लल्ला के खिलाफ धारा 498 ए, 323, 504, 506, 313, 376, 511 आईपीसी और 3/4 डीपी एक्ट के तहत एफ आई आर दर्ज की। तभी से उनकी तलाश की जा रही थी 30 अप्रैल को पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक शक्तिमान के खिलाफ जनवरी महीने में भी एक रेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। उस पर अब तक तीन एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। जबकि उसके बड़े भाई लल्ला के खिलाफ दुराचार के दो मामले समेत कुल 8 मुकदमा पंजीकृत हैं।दोनों शातिर अपराधी है।उन्हें गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई चंद्रभानु, एसआई विवेक गुप्ता, महिला हेड कांस्टेबल वंदना सिंह और कांस्टेबल सूरज पाल शामिल थे।

## अपना काला धन छिपाने के लिए दूसरी बार भाजपा का दामन थामा

**मऊआइमा।** बार बार दल बदल कर निजि स्वार्थ सिद्ध करने के लिए एंव अपना काले धन को काले सफेद करने वाला एक धरती पकड भी फिर भाजपा का दामन थाम कर प्रचार में जुट जाने से मतदाताओं में नाकाम सियासत का धरती पकड का साथी कहते हुए चाचाओं का विषय बना दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत चुनाव में ऐसे ऐसे दल बदलू कथित धन्ना सेठ भी कूद गए हैं और अध्यक्षता भी कर रहे हैं जो प्रथम बार निकाय चुनाव में सपा के साथ फिर दूसरी बार बसपा के साथ ,जब प्रत्याशी चुनाव हार गया तो भाजपा का दामन थाम लिए। फिर भाजपा छोड कर तीसरी बार स्वयं अपने भाई को बसपा का उम्मीदवार बनाकर चुनाव लडाया चुनाव हारने के बाद अब फिर भाजपा के मंच पर असीन होकर नकली भाजपाई बन गया है। हम तो सनम डूबे तुम्हें भी ले डूबेंगे ,? नाकाम सियासत रहे हैं तुम्हारे भी नाकाम सियासत की धरती पकड की संज्ञा दे रहे हैं। जिसे देख कर मतदाताओं में नाना प्रकार की चचाओं का बाजार गर्म है। कुछ तो धरती पकड कुछ काले धन को सफेद करने आदि की चर्चा करते हुए सुने जा सकते हैं। धरती पकड एंव नाकाम सियासत हर कोई कहने लगे हैं साथ साथ हम तो डूबे हैं सनम तुम्हें भी ले डूबेंगें? भी चाय पान की दुकानों पर हो रही है।



## मिनी सदन में पहुंचने के लिए आम आदमी पार्टी ने पकड़ी रफ्तार

**प्रत्याशी शिखा समद्दर ने समर्थकों संग कस्बे के सभी वार्डों का किया तूफानी दौरा**

**शंकरगढ़।** नगर निकाय चुनाव में सपा, भाजपा, बसपा और कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी भी पूरा जोर लगा रही है। नगर पंचायत शंकरगढ़ में भाजपा, सपा के साथ आम आदमी पार्टी ने भी अध्यक्ष पद के लिए अपना प्रत्याशी उतारा है। अनुसूचित जाति महिला के लिए सुरक्षित शंकरगढ़ की सीट पर आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शिखा समद्दर ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों का तूफानी दौरा किया। भ्रमण के दौरान शिखा समद्दर ने कहा कि मतदाताओं का रुझान बता रहा है कि इस बार मतदाताओं का मूड कुछ और ही है। इस बार निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी को सफलता मिलने जा रही है। शिखा समद्दर ने कहा कि आम आदमी पार्टी को जीत मिलने पर नगर क्षेत्र में हाउस टैक्स आधा कर दिया जाएगा और वाटर टैक्स पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। इसके अलावा शंकरगढ़ कस्बे के महिला अस्पताल का चतुर्दिक विकास कर यहां की महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराई जाएगी। शिखा समद्दर के साथ सत्यरंजन समद्दर समेत तमाम समर्थक व पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## जिले में पहला स्थान प्राप्त कर सुभाषना विन्द ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सहसों।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में बच्चा राम यादव इंटरमीडिएट कॉलेज भुलई का पूरा बाबूगंज की छात्रा सुभाषना बिन्द ने उत्तर प्रदेश में चौथा तथा जनपद प्रयागराज में पहला स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। रविवार को फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल ने सुभाषना बिन्द के घर सराय हुसैना पहुंचकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में होनहार बच्चो की प्रतिभा निखारने के लिए समय-समय पर प्रोत्साहित एवं सम्मानित कर अच्छा मार्गदर्शन जरूरी है। उन्होंने कहा सुभाषना बिन्द ने प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भविष्य में उच्च शिक्षा से लेकर अच्छी पढ़ाई के लिए हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर संदीप द्विवेदी,टीएन सिंह,पूर्व प्रधान आनंद प्रताप सिंह, रजनीश पांडे आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता फाँसी लगा कर की खुदकुशी, 11 माह पहले हुई थी शादी

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक विवाहिता कमरे के अंदर रोशनदान में दुपट्टे से फांसी लगा ली। कमरे में उसका पति भी सो रहा था। जब उसकी नींद खुली तो विवाहिता को फंदे से उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मायके वालों ने पति, सास, ससुर, जेठ पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया है। फाफामऊ बरबोली बारी निवासी रामराज मौर्या ने अपनी बेटी किरण मौर्या की शादी बीते मई में झूंसी के नारायणदास पुरवा निवासी हेमंत कुशवाहा से की थी। शनिवार की रात खाना पीना के बाद किरण अपने कमरे में सोने चली गई कमरे में उसका पति हेमंत भी सोया था देर रात किरण ने फांसी लगा ली। जब हेमंत की नींद खुली तो किरण को फंदे पर लटका देख दंग रह गया। किरण के मौत की सूचना मायके वालों के साथ पुलिस को दी गई। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# ट्रिपल इंजन की सरकार से होगा फूलपुर का चहुंमुखी विकास : अमरनाथ यादव

**नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी अमरनाथ यादव ने स्थानीय पत्र प्रतिनिधियों से की वार्ता, फूलपुर को नगर पालिका परिषद बनवाने की कही बात**



**फूलपुर।** केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार समुचित विकास कर रही है। अब जरूरत है तो ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ फूलपुर का चहुंमुखी विकास करना। उक्त बातें रविवार को फूलपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी व काशी क्षेत्र के वरिष्ठ नेता अमरनाथ यादव ने स्थानीय पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता का प्यार मिला तो फूलपुर में लंबित विकास परियोजनाओं को अतिशीघ्र अमली जामा पहनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया की फूलपुर को नगर पालिका परिषद बनाने के लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा गया है। फूलपुर में विकास को गति देने की बात कहते कहा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद फूलपुर में 24 घंटे बिजली,बेहतर सड़को के साथ स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और समुचित जलनिकासी के लिए नाले और नालियों ब्यापक रूप से निर्माण कराया जायेगा। केंद्र व प्रदेश के साथ नगर में सत्ता की सरकार बनेगी है तो चहुंमुखी विकास बिना किसी भेदभाव के किया जायेगा। विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा की नगर में पिछले वर्ष विपक्ष की चेयरमैन बनने के कारण फूलपुर का बिल्कुल भी विकास नही हुआ जिसका खामियाजा फूलपुर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। फूलपुर में हुए महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा की सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सहयोग से फूलपुर में कन्या महाविद्यालय के साथ ही जाम से छुटकारे के लिए जो ओवर ब्रिज बना है उससे फूलपुर का जाम समाप्त सा हो गया है । अभी फूलपुर के विकास में जो कार्य अधूरा रह गया है उसे मौका मिलने के बाद जल्द से जल्द पूरा कराया जायेगा। इसके पूर्व सभी 15 वार्डो में प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को देखने के लिए लोगो ने बढ़- चढ़. कर हिस्सा लिया। मौके पर चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह,चुनाव संयोजक सुरेश चंद्र विश्वकर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता,जिला मंत्री कमलेश मिश्र,दिलीप यादव,श्यामबाबू गुप्ता,रामबाबू केसरी ,लक्ष्मीकांत मिश्र उर्फ काका,शिवम मिश्रा, राकेश पाठक,रोहित केसरी,अनिल मौर्य,निसार अहमद,सुरेंद्र मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नैनी में मन की बात सुनने पहुंची डा. रीता बहुगुणा

अखंड भारत संदेश

**प्रधानमंत्री का ध्येय पूरे देश को एक सूत्र में पिरोना, सबको को आत्मसात करने की जरूरत डा. रीता बहुगुणा जोशी**



**नैनी।** नैनी स्थित एक गेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें एपिसोड को सुनने के लिए रविवार को इलाहाबाद सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी विधायक करछना पीयूष संजय निषाद समेत भाजपा कार्यकतता नैनी स्थित एक गेस्ट हाउस में जुटे। यहां पर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनने के बाद उसे आत्मसात करने पर बल दिया गया नैनी कोतवाली अंतर्गत एडीए कालोनी में स्थित चंद्रलोक गेस्ट हाउस में रविवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें एपिसोड को सुनने का

सामूहिक कार्यक्रम रखा गया। इलाहाबाद से बीजेपी सांसद रीता बहुगुणा जोशी और विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद सम्मिलित हुए मन की बात कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातें सिर्फ सुननी नहीं चाहिए उनको अपने जीवन में, अपने व्यवहार में परिवार में समाज में और देश हित में आत्मसात भी करना चाहिए क्योंकि उनके मन की बात का निहितार्थ यही है कि हमारे देश समाज का कल्याण कैसे हो। हमारी घरेलू पृष्ठभूमि से लेकर वैश्विक पहचान कैसे बनी रहे। इस पर सामूहिक जोर देने की जरूरत है पृष्ठभूमि से लेकर वैश्विक पहचान कैसे बनी रहे। इस पर सामूहिक जोर देने की जरूरत है

इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता आशीष मिश्रा मुन्ना ने किया। इसमें उपाध्यक्ष भाजपा यमुनापार प्रमुख करछना कमलेश कुमार, प्रमुख मेजा गंगा प्रसाद, जयशकर मिश्र, रिटायर्ड अआईजी सीपी सिंह, विजयशंकर, आरके पांडेय, संत प्रसाद पांडेय, शिव संकर दीक्षित, जय शंकर मिश्र समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## सौवें संस्करण में ग्रामीणों ने सुनी पीएम की मन की बात

**सहसों।** विधानसभा फूलपुर में सहसों मंडल के ग्राम सभा कोंड़रू बूथ संख्या 145 पर भारतीय जनता पार्टी गंगापार के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह के मौजूदगी में बूथ अध्यक्ष प्रदीप कुमार के आवास पर ग्रामीण किसान एवं भाजपा कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सौवें संस्करण का मन की बात को बड़े ही ध्यान से सुना। इस अवसर पर वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में आज देश व प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। चाहे गरीबी उन्मूलन हो, शिक्षा या चिकित्सा हो, बेरोजगारी हो, किसानों के हित का काम हो आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ सब को ध्यान में रखते हुए केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार आमजन के हित को ध्यान में रखकर काम कर रही है। इस मौके पर जितेन्द्र पटेल, राजेश सरोज, राजेन्द्र यादव, अमन सिंह राजपूत, अनिल पटेल, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, रविन्द्र बहादुर सिंह, अंकित राज सहित आदि ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत अब 21 मई को

**पहले 13 मई को होनी थी, अब तारीख बदली,सिविल-राजस्व और जुमार्ने से दंडनीय मामलों का होगा निस्तारण**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 13 मई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत अब 21 मई को होगी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है राष्ट्रीय लोक अदालत अब 13 मई की जगह अपरिहार्य कारणों से 21 मई को होगी।उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में 21 मई को अब प्रयागराज के जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें सिविल, राजस्व व जुर्मान से दंडनीय मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

# प्रयागराज में बारिश की फुहार, मौसम हुआ खुशनुमा भीगते हुए नेताओं ने प्रचार कर लोगों से मांगा वोट





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बारिश की फुहार से शीतलहरी की बयार चल पड़ी है। जिससे शहर का मिजाज शाम को खुशनुमा दिखाई दिया। रविवार सुबह से ही आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल दिया था। दिन भर हल्की-हल्की हवाएं चलती रहीं। जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। वहीं शाम होते-होते लगभग 5:00 बजे आसमान को काले बादलों ने घेर लिया। रिमझिम फुहार पड़ने लगी। देखते ही देखते बड़ी-बड़ी बूंदें गिरने लगीं। जिससे मौसम बिल्कुल ठंडा हो गया।

**1-2 दिन तक ऐसे ही रहेगा मौसम :** वहीं सिविल लाइंस पीवीआर के बाहर सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार दिखी। बारिश होने की वजह से लोगों के लिए रविवार का दिन खास बन गया। लोग अपने परिवार के साथ ठंडे मौसम का लुफ्त उठाते दिखे। वहीं बाइक सवार सड़कों पर धीमी रफ्तार से बारिश में भीगते हुए मौसम का आनंद उठाते नजर आए। मौसम विभाग की माने तो 1 से 2 दिन तक मौसम ऐसे ही बना रहेगा। पिछले 2, 3 दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही लगी थी। मौसम विभाग ने भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज सहित कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई थी। वहीं रविवार शाम को मौसम विभाग की बात सच साबित होती दिखाई दी। 3 घंटे से लगातार प्रयागराज में रिमझिम बारिश हो रही है।

**ठंडे मौसम में भी राजनीति गरम दिखी :** प्रयागराज में बारिश होने से शहर का मिजाज बिल्कुल ठंडा हो गया है। लेकिन प्रयागराज की सड़कों पर राजनीति गरम दिखाई दी। अलोपीबाग की सड़कों पर रिमझिम बारिश में भीगते हुए पार्षद उम्मीदवारों और समर्थकों की भारी भीड़ दिखी। लोग हाथों में पार्टी का झंडा लिए अपने नेता के समर्थन में नारे लगाते हुए नजर आए। उम्मीदवारों और समर्थकों के इस जोश को देखकर, ऐसे कहा जा सकता है कि प्रयागराज में बारिश की वजह से मौसम भले ही ठंडा हो गया हो, लेकिन राजनीति गरम है।

# मेजा डिवीजन के कोरांव में 18 ट्रांसफार्मर जले

**सैकडों गांवों में छाया अंधेरा, पानी को लेकर हाहाकार मचा, गर्मी में लोग परेशान**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक सप्ताह पहले आए तेज आंधी तूफान के चलते मेजा डिवीजन के कोरांव उपखंड के तीनों सब स्टेशनों के कुल 18 ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं। इससे बिजली आपूर्ति भी बाधित है। उपभोक्ताओं की बार बार शिकायतों के बावजूद भी अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में गुस्सा है। लोगों को गर्मी में बिना लाइट के दिन और राज गुजारने पड़ रहे हैं।मेजा डिवीजन के कोरांव उपखंड के अंतर्गत आने वाले तीन उपखंडों देवघाट, लेडियारी व कोरांव सब स्टेशन के कुल अलग अलग गांवों में लगे 18 ट्रांसफार्मर बीते एक सप्ताह पूर्व आई तेज आंधी तूफान में जल गए थे। इससे सैकड़ो गांवों में अंधेरा छा गया है। उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात और उमस भरी गर्मी के दिन काटने पड़ रहे हैं। रोजाना लिखित शिकायतों के बावजूद भी जिम्मेदार जाग नहीं रहे हैं। इससे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।डिवीजन के सब स्टेशन कोरांव में 4, लेडियारी में 6 और देवघाट सब स्टेशन में सबसे अधिक 8 ट्रांसफार्मर जले हुए हैं। सब स्टेशनों के अंतर्गत तकरीबन सौ गांवों की बत्ती गुल होने से क्षेत्र में बिजली सहित पानी को लेकर हाहाकार मच गया है।

कोरांव उपखंड अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि तेज आंधी तूफान के कारण तीनों सब स्टेशनों के 18 ट्रांसफार्मर खराब हैं। अवर अभियंता को आपूर्ति बहाली के लिए निर्देशित किया गया है। जल्द ही ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त कराकर आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।



## मेजा में नौकरी का झांसा देकर महिलाओं से ठगी

**रुपये वापस मांगने पर युवक ने पीटा, पुलिस सभी को ले आई पुलिसचौकी**

**सिरसा।** मेजा में महिलाओं का समूह बनाकर रुपये जमा कराकर सप्ताह एवं माहवारी रुपये लौटाने का हवाला देकर कई महिलाओं से ठगी की गई। इसी बात को लेकर मेजा रोड स्थित स्वामी अड़गड़ानंद विद्यालय में मारपीट हो गई। एक महिला की बेरहमी से पिटाई भी की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को चौकी पर गई है। बता दें की मेजा थाना क्षेत्र के कटका गांव की रहने वाली रानी देवी का आरोप है कि एक युवक ने 15 हजार रुपये सेफ साफ नामक कम्पनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी कर लिया। कम्पनी के नाम पर महिलाओं का अलग अलग समूह झांसे में फंसा हुआ है। रविवार को स्वामी अड़गड़ानंद विद्यालय में बैठक की गई। जिसमें महिलाओं ने वेतन और नौकरी का मुद्दा उठाया तो मामला तूल पकड़ लिया। महिलाओं ने रुपये वापसी का जिक्र किया तो झांसा देने वाला युवक आनाकानी करने लगा। महिलाओं का आरोप है कि रुपये मांगने पर युवक ने बेरहमी से पिटाई कर दी। वही सूचना पर मेजारोड चौकी प्रभारी राम भवन वर्मा टीम के साथ मौके पर पहुचे।उन्होंने दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया दोनों पक्षों में वार्ता शुरू की गई जिसमें नौकरी के झांसे में ठगी की बात सामने आ रही है वहीं महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले लोगों का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वीडियो को लेकर लोगों में तरह-तरह की चचाएँ व्याप्त है।

## आकाशीय बिजली गिरने से किशोरी की मौत,दो लड़कियां झुलसीं

**प्रयागराज।** प्रयागराज में रविवार की शाम अचानक हुए मौसम में बदलाव से जहां वातावरण खुशनुमा हो गया, वहीं यमुनानगर के खीरी इलाके में आकाशीय बिजली गिरने से 16 साल की एक लड़की की मौत हो गई, जबकि उसकी दो सहेलियों की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है। यमुनानगर के श्री थाना क्षेत्र के डेहलो निवासी रामराज यादव की बेटी रन्नो यादव (16) रविवार को दोपहर में गांव के पास कचरा चौराहे पर अपनी दो सहेलियों के साथ गई थी। शाम को लौटते वक्त आंधी पानी शुरू हो गया। रास्ते में रन्नो और उसकी दो सहेलियां बगल स्थित एक मकान में बारिश से बचने के लिए जा रही थीं। कुछ दूर ही घर बचा था, तभी अचानक बारिश और ओले के बीच आसमान में तेज गड़गड़ाहट हुई और आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में आने से रन्नो यादव और उसकी दोनों सहेलियां झुलस गईं। आसपास के लोगों ने देखा तो शोर मचाया। लोग उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने रन्नो को मृत घोषित कर दिया। पता चलने पर परिवार के लोग बदहवास हालत में मौके पर पहुंच गए। पुलिस को खबर दी गई। पूरे घर में कोहराम मचा हुआ है।

## रज्जू भैया विश्वविद्यालय : मूल्यांकन के बाद सामने आ सकते हैं सामूहिक नकल के नए मामले!



**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने के बाद अब तक तीन कॉलेजों में सामूहिक नकल के मामले पकड़े गए हैं। परीक्षा के बाद कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होने पर सामूहिक नकल के कुछ नए मामले भी सामने आ सकते हैं। पिछले दिनों कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सचल दस्ते ने प्रयागराज के तीन महाविद्यालयों में औचक निरीक्षण के दौरान सामूहिक नकल के मामले पकड़े थे।तीनों महाविद्यालयों को तीन-तीन साल के लिए डिबार कर दिया है और इस अवधि में तीनों महाविद्यालयों को राज्य विवि की किसी भी परीक्षा में केंद्र नहीं बनाया जाएगा।निरीक्षण के दौरान तीनों महाविद्यालयों में स्नातक अंतिम वर्ष के 674 परीक्षार्थी हिंदी की परीक्षा दे रहे थे। राज्य विवि के सूत्रों के अनुसार हिंदी की परीक्षा में सामूहिक नकल के तीन मामले सामने आने के बाद अन्य कठिन विषयों में सामूहिक नकल होने की आशंका बढ़ गई है। राज्य विवि ने जिन तीन महाविद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की है, वहां मौके पर सामूहिक नकल पकड़ी गई है।सूत्रों का कहना है कि अन्य विषयों में भी सामूहिक नकल की आशंका को देखते हुए अब परीक्षा के बाद मूल्यांकन में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी और कापियों की जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि परीक्षार्थियों की ओर से लिखे गए उत्तर एक-दूसरे से कितना मेल खा रहे हैं। पिछले वर्ष कॉपियों के मूल्यांकन के दौरान तकरीबन नौ हजार परीक्षार्थी सामूहिक नकल में फंसे थे।उनकी कॉपियों की जांच के दौरान यह पता चला था कि एक-एक लाइन मिलाकर लिखी गई है। ऐसे में राज्य विवि के अफसर इस बार भी पिछले साल की तर्ज पर कॉपियों का मूल्यांकन कराने की तैयारी में हैं। अगर मूल्यांकन के दौरान किसी परीक्षा केंद्र में सामूहिक नकल के नए मामले सामने आते हैं तो संबंधित कॉलेज को भी कम से कम तीन साल और परीक्षार्थियों को एक साल के लिए डिबार किया जाएगा।

# मेजा में युवक को पीटकर घर में लगाई आग

**घर में घुसकर पीड़ित की पत्नी से भी मारपीट, रंजिश में पड़ोसियों ने किया हमला**

अखंड भारत संदेश





**मेजा रोड।** मेजा में रंजिश को लेकर विपक्षियों ने युवक की बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित शिकायती पत्र लेकरपुलिस के पास पहुचां तो उसके घर को आग के हवाले कर दिया गया। मामले को लेकर दोनों पक्षों में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर विपक्षियों पर कार्रवाई की मांग की है।मेजा थाना क्षेत्र के उपड़ौरा गांव के कमलेश यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि रंजिश को लेकर शनिवार रात पड़ोसियों ने उसकी लाठी डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच बचाव करने से उसकी जान बच पाई। पीड़ित का आरोप है कि इसकी शिकायत करने पुलिस के पास पहुचां तो विपक्षियों ने घर में घुसकर उसकी पत्नी से भी मारपीट की और कच्चे घर में आग लगा दी। इससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया है।वहीं पीड़ित ने रविवार दोपहर मेजा थाने में तहरीर देकर जान माल की गुहार के साथ विपक्षियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं आगजनी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब तेजी से वायरल हो रहा है। जिसकी जांच में पुलिस जुट गई है। मामले में मेजा थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्र ने दौरान बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद केस दर्ज कर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

# दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली विवाहिता

**साल भर पहले हुई थी शादी, पिता ने कहा- दहेज के लिए बेटी को मार डाला**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक साल पहले शादी के बंधन में बंधी युवती रविवार को फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली। पोस्टमार्टम हाउस में बिलखते हुए पिता ने कहा कि कुछ भी हो जाए लेकिन मेरी बेटी सुसाइड नहीं कर सकती। उसे दहेज की लालच में मारा गया है। जिसमें ससुराल के अन्य सदस्यों के साथ-साथ वह शख्स भी शामिल है, जिसके साथ मेरी बेटी ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए थे, अपना जीवन साथी चुना था।प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के फाफामऊ थाना क्षेत्र के बड़बोली गांव निवासी रामराज मौर्या खेती किसानी करते हैं। उनके दो बेटियां और एक बेटा था। मई 2022 में उन्होंने अपनी बेटी किरण मौर्या (23) की शादी झूंसी थाना क्षेत्र के नारायण दास का पुरा गांव निवासी हेमंत मौर्या के साथ बड़े धूमधाम से की थी। अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज देकर अपनी इकलौती बेटी किरण को ससुराल विदा किया था।हेमंत मौर्या भी प्राइवेट काम करता था। इसलिए रामराज और उनकी पत्नी लावती देवी को सुकून था कि बेटी की जिंदगी आराम से व्यतीत हो जाएगी। रामराज मौर्या की मानें तो शादी के कुछ दिन तक तो सब ठीक-ठाक चला। लेकिन जैसे जैसे समय बीता, वैसे वैसे ससुराल वालों के साथ साथ पति ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। किरण मौर्या को दहेज के लिए ताने मारे जाने लगे। उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। जिसकी उसने कई बार अपनी मां से शिकायत भी की। मां ने उसे हर बार यह कहकर चुप करा दिया कि बेटा सब ठीक हो जाएगा।रविवार को सुबह हेमंत मौर्या ने ससुराल में फोन करके सूचना दी कि किरण मौर्या की तबीयत खराब है। परिवार के लोग पहुंचे तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। वहां किरण के माता पिता और भाइयों को बताया गया कि किरण ने भोर में 3:00 से 4:00 के बीच अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। जिस पर पिता और भाइयों को भरोसा नहीं हुआ। मायके वालों ने स्पष्ट रूप से कहा कि कुछ भी हो, लेकिन उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती, उसे मारा गया है।ससुराल वालों ने बहुत समझाने की कोशिश की, लेकिन मायके वालों को भरोसा नही हुआ। पिता रामराज मौर्या ने अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए सीधे झूसी थाने को सूचित किया। पुलिस पहुंची और किरण मौर्या के शव को पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पिता की तहरीर पर पति, सास-ससुर और जेठ के खिलाफ झूसी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। झूंसी पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## बारह कहानीकारों को मिला कथा साहित्य विभूषण सम्मान 2023



**करछना।** प्रयागराज उतर भारत की सुपरिचित साहित्यिक संस्था तारिका विचार मंच, प्रयाग द्वारा प्रदान किये जाने वाले कथा साहित्य विभूषण सम्मान 2023 कुल बारह कहानीकारों को प्रदान किया गया उपरोक्त जानकारी देते हुए तारिका विचार मंच प्रयाग के संयोजक डा० भगवान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि इस सम्मान के लिए प्रविष्टियां सादर आमंत्रित की गईं थी जिसमें तुलसी देवी तिवारी बिलासपुर छत्तीसगढ़ के कहानी संग्रह आखिर कब तक, सतीश बब्बा चित्रकूट उ प्र के कहानी संग्रह सुदामा कलयुग का , कुशलेंद्र श्रीवास्तव नरसिंहपुर मध्य प्रदेश के कहानी संग्रह कोरोना निगेटिव नरसिंहपुर के ही राकेश माहेश्वरी काल्पनिक के कहानी संग्रह मुस्कान की करवटें, डॉक्टर शील कौशिक सिरसा हरियाणा के कहानी संग्रह एक फैसला मेरे हाथ, सविता मिश्रा अक्षजा आगरा उत्तर प्रदेश के कहानी संग्रह सुधियों के अनुबंध नीरजा हेमेन्द्र लखनऊ उ प्र के कहानी संग्रह मुट्ठी भर इच्छाएं, आभा सिंह जयपुर राजस्थान के कहानी संग्रहआर पार के सच, अंजना वर्मा वेंगलुरु कर्नाटक के कहानी संग्रह दबी हुई फाइल, रेणु चन्द्रा माथुर जयपुर राजस्थान के कहानी संग्रह शीशे की दीवार पर सहित कुल बारह कहानीकारों को सादर प्रदान किया गया। उपरोक्त सभी को सम्मान पत्र एक साहित्यिक पत्रिका के उपहार सहित रजिस्टर्ड पार्सल द्वारा भेज दिया गया है। डॉ उपाध्याय ने बताया कि अगला सम्मान आगामी 31 जुलाई 2023 को मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर दिया जाएगा , जिसके लिए प्रविष्टियां 30 जून 2023 तक सादर आमंत्रित की गई हैं।

## न्यूज झरोखा

### ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, देवरानी व भतीजा घायल

**सिकंदरा धाम से दर्शन कर बाइक से लौट रहे थे घर**



**प्रयागराज।** भवापुर गांव के सामने हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। तीनों लोगों को पुलिस ने अस्पताल भेजा। जहां एक महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दो लोगों की हालत गंभीर बताते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। तीनों लोग सिकंदरा धाम से घर लौट रहे थे। गंगानगर के सोरांव थाना क्षेत्र के शिवगढ़ निवासी संतलाल प्राइवेट काम करते हैं। उनके दो पुत्र और चार पुत्रियां हैं। उनकी पत्नी सावित्री देवी (48) रविवार को अपनी देवरानी सीता देवी (38) के साथ भतीजे रामू (23) को लेकर मोटरसाइकिल से सिकंदरा धाम दर्शन करने गई थीं। दर्शन करने के बाद तीनों लोग एक ही मोटरसाइकिल से वापस घर की ओर लौट रहे थे। सोरांव थाना क्षेत्र के भावापुर गांव के सामने हाईवे पर ट्रक से टक्कर लगने पर तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी।पुलिस तीनों लोगों को अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने सावित्री देवी को मृत घोषित कर दिया और उसकी देवरानी एवं भतीजे की हालत गंभीर बताते हुए शहर रेफर कर दिया। पता चलने पर परिवार के लोग रोते बिलखते हुए पहुंच गए। परिवार के आने के बाद पुलिस ने सावित्री के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोरांव पुलिस का कहना है कि सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## रंजिशन घर में घुस कर दुराचार की कोशिश करने वालो के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**रंजिशन घर में घुस कर दुराचार की कोशिश करने वालो के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज**

**मऊआइमा।** एक महिला के रिश्तेदार लडका पडोसी लडकी को भगा कर शादी करने पर महिला के घर में घुस कर मारे पीटे कपड़ा फाड कर पीछे से दुराचार की कोशिश किया गया तथा सोने की चैन छीन कर हत्या की धमकी दी गई। कहीं सुनवाई न होने पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय जोधराय निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसका पति गुजरात के बडोरा में रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है।घर पर वह और ससुर रहते हैं। महिला का आरोप है कि 23 फरवरी 2023 को पडोस की बालिग लडकी उसके रिश्तेदार के लडके से गुजरात जाकर शादी कर लिए। लडकी के परिजन थाने में गुमशुदगी दर्ज काए हैं। महिला का आरोप है कि इसी से खुन्नस खाए पडोसी4मार्च को एक राय होकर उसके घर में घुस कर गालियां देते हुए उसको झचका कर बाल नोंच कर मारे पीटे और सोने की चैन छिन लिए। आरोप है कि पीछे से एक युवक उसका कपड़ा फाड कर स्तन दबाकर दुराचार की कोशिश करने लगा। शोर मचाने पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कहीं सुनवाई न होने पर महिला न्यायालय में फरियाद लगाई। न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने सरायजोधराय निवासी अशोक उर्फ पप्पू, गीतादेवी, सन्नों देवी ,अनीता देवी, निर्मला देवी, मानसी, बेबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राजा बहादुर मांडा पूर्व प्रधान मंत्री की चेन्नई में लगेगी मूर्ति



प्रयागराज मांडा कोराव वासियों में हर्ष, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने वी पी सिंह की प्रतिमा लगाने का किया ऐलान

**कोरांव।** 20 अप्रैल 2023 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एमके स्टालिन ने विधानसभा तमिलनाडु में देश के आठवें प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की विशालकाय मूर्ति चेन्नई में लगाने का निर्णय लिया है। श्री एमके स्टालिन मुख्यमंत्री तमिलनाडु के इस निर्णय को विधानसभा के समस्त सदस्यों जिसमें सत्ता पक्ष एवं विपक्ष ने सही निर्णय बताया एवं खुशी जाहिर की है। एम के स्टालिन ने विधानसभा में बताया कि स्वर्गीय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री रहे और हमेशा देश के पिछड़ों एवं दलितों के उत्थान के लिए कार्य किया, उन्हें सामाजिक न्याय का मसीहा बताते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए तमिलनाडु सरकार ने उनकी मूर्ति लगाने की घोषणा की है। ज्ञात हो कि उन्हीं के ही कार्यकाल में बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया था। विदित हो कि स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह ने गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव की स्थापना की थी। तमिलनाडु सरकार के इस निर्णय से गोपाल विद्यालय एवं पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।वही स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह के जन्म स्थान मांडा प्रयागराज में भी खुशी का माहौल है। स्व वी पी सिंह के पुत्र एवं विद्यालय के प्रबन्धक राजा अजेय सिंह, प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई, प्रधानाचार्य डा साबिर अली एवं समस्त विद्यालय परिवार ने तमिलनाडु सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के प्रति आभार प्रकट किया है।

## पीसीएस के इंटरव्यू में फेल हुए तो निजी संस्थानों में मिलेगा नौकरी का मौका, आयोग तैयार कर रहा डाटा

**प्रयागराज।** कड़ी मेहनत और लगन से बार-बार पीसीएस के इंटरव्यू तक पहुंचने वाले जो अभ्यर्थी आखिरी पड़ाव में असफल हो रहे हैं, उनके भविष्य को संवारने का काम भी अब उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) करेगा। आयोग का प्रयास होगा कि ऐसे अभ्यर्थियों को निजी संस्थानों में रोजगार के अवसर मिलें। आयोग की यह पहल अभ्यर्थियों को काफी राहत प्रदान करने वाली है।बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थी मिल जाएंगे जो आठ-दस साल से पीसीएस परीक्षा में लगातार शामिल हो रहे हैं। कई बार इंटरव्यू तक का सफर भी पूरा किया, लेकिन अंतिम रूप से सफलता नहीं मिली। पीसीएस अफसर बनने के लिए कई अभ्यर्थी ओवरएज होने की दहलीज पर पहुंच गए हैं और कई अभ्यर्थी ओवरएज हो चुके हैं। आयोग अब ऐसे सभी अभ्यर्थियों का प्रमाणित डाटा तैयार करेगा, लेकिन इसके लिए पहले अभ्यर्थियों से उनकी सहमति ली जाएगी। अगर अभ्यर्थी इसके लिए तैयार है तो अभ्यर्थी का नाम एवं फोन नंबर शामिल किया जाएगा और आयोग इसे अपनी वेबसाइट पर जारी करेगा, ताकि निजी एजेंसियां ऐसे मेधावियों को अपने यहां नौकरी के लिए आमंत्रित कर सकें।

## शुआट्स के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के सेवानिवृत होने पर दी गई भव्य विदाई




**नैनी।** शुआट्स के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री अनूप कुमार मसीह, विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों पर सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए। श्री मसीह को उनकी सेवानिवृत्ति पर भव्य विदाई दी गई। मीडिया प्रभारी डॉ. रमाकांत दुबे ने बताया कि श्री अनूप ने 2004 में विश्वविद्यालय में सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारी, सीवीसीओ, उप कुलसचिव आदि का दायित्व निभाया । विश्वविद्यालय में शामिल होने से पहले उन्होंने भारतीय नौसेना, बल्लारपुर इंडस्ट्रीज लिमिटेड और त्रिवेणी ग्लास लिमिटेड में सेवा की है। अपने कार्यकाल के दौरान, श्री मसीह ने शुआट्स की सुरक्षा और प्रशासन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके समर्पण और नेतृत्व को विश्वविद्यालय समुदाय द्वारा बहुत याद किया जाएगा। उनके सुखद और संतोषजनक सेवानिवृत्ति की कामना की गई। विदाई समारोह के दौरान कार्यवाहक कुलसचिव, निदेशक प्रशासन, जनसंपर्क अधिकारी, ओएसडी, चीफ प्रॉक्टर, चीफ वार्डन (मेन्स हॉस्टल), अतिरिक्त मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# अर्थव्यवस्था की मजबूती में ही निहित है राष्ट्रीय विकास : मोना

## घुइसरनाथ बाजार में व्यापारमण्डल का शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में शनिवार की देर शाम उद्योग व्यापार मण्डल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा बाबा घुइसरनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए व्यापारिक जगत को पूरी तरह से संरक्षित और सुरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होनें कहा कि किसी भी देश के विकास की मजबूती को तभी तक धार मिलती है जब तक उसकी अर्थव्यवस्था का ढांचा मजबूत बना रहता है। उन्होने कहा कि रामपुरखास में व्यापारी हमेशा संरक्षित और सुरक्षित रहा है। उन्होनें बडी संख्या मे कार्यक्रम मे मौजूद व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि वह तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी सदैव व्यापारियों के मान सम्मान की सुरक्षा के लिए हर जरूरत पर मजबूती से साथ खड़े दिखेगें।

इसके पूर्व पट्टी डिग्री कालेज के सेवानिवृत्त संस्कृत विभागाध्यक्ष डा वाचस्पति शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा ने व्यापार मंडल घुइसरनाथ के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।



घुइसरनाथ धाम में शपथ ग्रहण करते पदाधिकारी व मंचासीन विधायक मोना।

कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा मोना ने वरिष्ठ व्यापारी शिवदास जायसवाल, रामपियारे केशरवानी, राजदेव विश्वकर्मा, राजेश गुप्ता, रामलाल गुप्ता, उमेश पांडेय, रामबहादुर सोनी, महेंद्र श्रीवास्तव, अरुणेश मिश्र, नन्हेलाल बर्मा, रामलाल गुप्ता, माताप्रसाद तिवारी, रामसजीवन पाल, शारदा प्रसाद बर्मा समेत दो दर्जन व्यापारियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सारस्वत सम्मान से नवाजा। अध्यक्षता करते हुए व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा ने कहा कि व्यापारियों की एकता ही संगठन की मजबूती का आधार है। जिलाध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते हुए उन्हें निर्वाचन का प्रमाण पत्र भी सौंपा।

समारोह को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह, रुरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जिला महामंत्री अशोक सिंह, लालगंज के अध्यक्ष उदयशंकर द्विवेदी, संदीप रावत आदि ने सम्बोधित करते हुए व्यापारियों के कारोबारी हितों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

आभार प्रदर्शन वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरुप्रताप जायसवाल व संतोष वैश्य ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रिंकू सिंह परिहार, अशोक धर द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, ददन सिंह, अभिताभ शुक्ल, आशुतोष मिश्र, रामबोध शुक्ल, राजू पयासी, संजय पांडेय, नागेश मिश्र, राजेंद्र गुप्ता, राकेश जयसवाल, देवेंद्र त्रिपाठी, राकेश वैश्य, विवेक सिंह, संतोष यादव, धीरेंद्र गुप्ता, डा. राहुल गुप्ता, मनीष मिश्र, सोहनलाल यादव, मूलचंद्र केशरवानी, अजीत यादव, प्रेमचन्द यादव, राजू सोनी आदि रहे। इधर व्यापार मंडल शपथ ग्रहण समारोह में बाजार के व्यापारियों की तीन पुत्रियों को हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा, व्यापार मंडल घुइसरनाथ के अध्यक्ष अखिलेश समेत पदाधिकारियों ने व्यापारी राजू सोनी की पुत्री काजल सोनी, रामराज वर्मा की पुत्री शिवानी बर्मा व स्व. पुत्तन की पुत्री प्रिया को सम्मानित कर हौंसला अफजाई की गयी।

## भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजार में शनिवार को जायसवाल समाज के द्वारा लोक कल्याण के निमित्त सामूहिक भण्डारे का परम्परागत आयोजन किया गया। बाजार के गल्ला मंडी में हुए भण्डारे मे देर रात तक लोगों को प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। ब्यापार मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश ने जायसवाल समाज के सामाजिक सरोकार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अर्जुन जायसवाल, मनोज कुमार, संतोष कुमार, अशोक कुमार, शंकरलाल, शिव प्रताप, रामदीन साहू, आदित्य, अनिल मिश्र, पारस नाथ, ज्ञानप्रकाश, जीवनलाल, वासुदेव आदि रहे।

# आज आएंगे मुख्यमंत्री, तैयारियां पूरी

## डीएम-एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



राजकीय इंटर कालेज का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज खराब मौसम होने के बावजूद राजकीय इंटर कालेज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोमवार को प्रतापगढ़ आगमन को लेकर तैयारियां जारी रही। आज रुक-रुककर दिन भर वर्षा होती रही। इसके बावजूद राजकीय इंटर कालेज में एक बड़ा वाटरप्रूफ पण्डाल लगाने का कार्य किया गया। राजकीय इंटर कालेज के अंदर जाने वाली सड़क की मरम्मत की जा रही है। विगत कई दिनों से नगर पालिका राजकीय इंटर कालेज की सफाई कर रही थी। सफाई व चूने का छिड़काव नगर पालिका के जिम्मे है। आज अपरान्ह में लगभग डेढ़ बजे जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, गिरधारी सिंह आदि रहे। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अपरान्ह में 1.25 बजे हेलीकाप्टर से प्रतापगढ़ पहुंचेगे। उनका हेलीकाप्टर पुलिस लाइन में उतरेगा। वहां से वह राजकीय इंटर कालेज के मैदान में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। लगभग 45 मिनट तक वह बेल्हा में रहेंगे। उनका हेलीकाप्टर 2.10 बजे हेलीकाप्टर जौनपुर के लिये उड़ जाएगा। उनकी सभा को सफल बनाने के लिये आज दिन भर भाजपाई जुटे रहे।

# देश हित में अच्छा कार्य करने वालों का सम्मान करते हैं प्रधानमंत्री : सांसद

## पहाड़पुर में मन की बात कार्यक्रम में दिखा लोगों का उत्साह

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाज व देश के हित में अच्छा कार्य करने वाले व्यक्ति का सम्मान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करते हैं। मन की बात जैसे कार्यक्रम में सम्मानजनक पूर्वक उनका नाम लेते हुए उनके कार्यो की सराहना करते हैं।

उक्त बातें रविवार को बीडी दुबे इंटरमीडिएट कॉलेज पहाड़पुर में मन की बात कार्यक्रम सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता ने कही।उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकासशील भारत के नव निमार्ता हैं।उनकी दूरगामी सोच ने आज हिंदुस्तान को विश्व में शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो मन की बात कार्यक्रम में प्रतिभाओं का नाम लेते हैं और देश की तरक्की में जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनका नाम मन की बात कार्यक्रम में ले करके उन्हें कुछ और करने की के लिए उत्साहित किया करते हैं। सांसद ने कहा कि कुछ कर दिखाने का जज्बा जब मन के अंदर होता है तो मनुष्य निश्चित तौर से अपने मिशन में कामयाब होता है। आज देश के प्रधानमंत्री मोदी हर मोर्चे पर सफल है यही वजह है कि विपक्ष के पास कुछ भी बोलने के लिए नहीं बचा हुआ है। सांसद ने कहा कि खराब मौसम के बावजूद भी भारी तादाद में मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए लोगों का पहुंचना ही प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता को दशार्ता है। इसके पूर्व बीडी दुबे इंटर कॉलेज पहाड़पुर में सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उनके साथ प्रतिनिधि अभिषेक पांडे अभिषेक मिश्रा प्रधानाचार्य अखिलेश पांडे पूर्व प्रमुख रमेश सिंहदेवदत्त शुक्ला जगत पासी रिंकू शुक्ला राजेंद्र तिवारी प्रधान विद्युत मिश्रा दिनेश सिंह देवनाथ पांडे अशोक दुबे राकेश मौर्य पप्पू शर्मा राजेश शुक्ला समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



इंटर कालेज पहाड़पुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सांसद संगम लाल गुप्ता।

# पुलिस ने चुनाव को लेकर शराब बरामदगी का चलाया अभियान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने निकाय चुनाव को लेकर अवैध शराब की बिक्री पर नकेल कसी है। पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा दी गई दबिश मे शनिवार की रात लालगंज के ताजपुर खलहिया से रामलाल की पत्नी कोठरहिन देवी के पास से पिपिया मे बीस लीटर तथा सरैंया सराय जगत के रामबरन के पुत्र विमलेश सरोज के पास से बीस लीटर एवं पूरे टीकाराम निवासी उमेश सरोज के पास से बीस लीटर शराब बरामद किया है। वही रविवार को पुलिस ने दी गई दबिश मे संतोष सरोज पुत्र मंगल के पास से बीस लीटर पिपिया मे बिक्री के लिए मिली शराब बरामद की। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।

# तीन आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना मे तीन आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड का केस दर्ज किया है। लालगंज के पुहिला का पुरवा खैरा पूरे छेमी निवासी तुलसीराम पटेल की पत्नी गेंदावती ने दी गई तहरीर मे कहा है कि पचीस अप्रैल को रंजिशन गांव के शिवप्रताप व जसवंत तथा विजय कुमार की पत्नी राजकुमारी उसके दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी घर के अंदर घुस आये और बेटी सहित उसके साथ मारपीट करते हुए चारपाई आदि गृहस्थी के सामान तोडकर नष्ट कर दिये। शोरशराबा सुनकर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी शिवप्रताप समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।



नगर में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते सीओ सिटी ।

# बीएसएफ पुलिस बल के साथ सीओ सिटी ने किया फ्लैग मार्च

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी नगर निकाय चुनाव 2023 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतू संबन्धित को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी निर्देश के क्रम में आज रविवार को क्षेत्राधिकारी नगर की अगुवाई में बीएसएफ पुलिस के साथ कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न नगर पंचायत एरिया डोमिनेशन के तहत फ्लैग मार्च कर आदर्श संहिता के अनुपालन में आमजनों से भय मुक्त मतदान कराने की अपील की गई।

## जेएमजी कालाकांकर के जेईई मेन्स परीक्षा में छात्रों ने लहराया पंचम

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के स्थित जे एम जी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल कालाकांकर के उदीयमान छात्र रिभु त्रिपाठी 98.78, अभिनव 97.38, अविनाश 84.42 एवं नितिन 84.52 ने अप्रैल 2023 में संचालित जेईई मेन्स परीक्षा में सफलता का परचम लहरा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया सभी छात्र जून 2023 मे होने वाली जेईई एडवांस लेवल की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रेसीडेंट वी एन शुक्ल एवं प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा ने इन सभी छात्रों को बधाई दी है तथा जेईई एडवांस परीक्षा में इनकी सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं दी।

# ग्रुप कमाण्डर ने एनसीसी कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण

## परीक्षण कर कैडेटों को दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** 18 यूपी बटालियन एनसीसी कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण रविवार को एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर केपी कृष्ण कुमार ने किया। ग्रुप कमाण्डर के आगमन पर बटालियन के कैडेटों ने उन्हें गार्ड आफ ऑनर दी।

इस दौरान कैडेटों ने उन्हें बटालियन के इतिहास से परिचित कराया और समाज सेवा अभियान के अन्तर्गत किये गये प्रयासों पर प्रकाष डाला। ग्रुप कमाण्डर ने बटालियन के अभिलेखों, स्टोर, प्रषिक्षण के तौर-तरीकों का बारीकी से परीक्षण किया। इकाई के कमाडिंग आफीसर कर्नल एन0 श्रीनिवासन ने बटालियन का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। निरीक्षण के दौरान माउंटेनियरिंग (बेसिक कोर्स), मनाली में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले रामराज इंटर कालेज, पट्टी के कैडेट सूरज कुमार प्रजापति को पुरस्कृत किया तथा आगामी एडवांस माउंटेयरिंग कोर्स के लिये बधाई दी। उन्होंने यह भी बताया कि अब कैडेटों को दी जाने वाली वर्दी की जगह उन्हें डीबीटी के माध्यम से धनराषि दी जाएगी। इस मौके पर एएओ ले0 अखण्ड प्रताप सिंह, कृष्णमणि त्रिपाठी, सुरेष कुमार मिश्र, सूबेदार मेजर हुकुम सिंह, सूबेदार दल बहादुर थापा, प्रधान सहायक आरबी प्रजापति, सत्येन्द्र बिक्रम सिंह, राघव तिवारी व सलिल श्रीवास्तव आदि रहे।



वाषिक निरीक्षण के दौरान कैडेटों को जानकारी देते ग्रुप कमाण्डर।

# व्यापारी किसी के बहकावे में न आएं : मंजीत सिंह

## भाजपा प्रत्याशी का दें साथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रविवार को उत्तर प्रदेष उद्योग व्यापार मण्डल की पत्रकारवार्ता में कुछ व्यापारियों द्वारा महिमा गुप्ता को समर्थन दिये जाने की आलोचना करते हुए कहा कि निकाय चुनाव में व्यापार मण्डल के कुछ नेता इस तरीके का कार्य करते हैं। उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि इसके पहले के चुनाव में गिरीश चंद्र सिन्हा, सत्य प्रकाष गुप्ता, अषोक आहूजा तथा पिछले बार के चुनाव में महिमा गुप्ता के लिये लामबंद हुए थे लेकिन यह सब आप जानते हैं। चुनाव में इस तरीके की बयानबाजी से व्यापारी समाज की छवि खराब होती है। व्यापारी समस्याओं का समाधान सदैव भाजपा शासन में हुआ है इसलिये हम सभी व्यापारी किसी तरह के बहकावे में न आएं और भाजपा प्रत्याषी हरिप्रताप सिंह को समर्थन करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने किसी व्यापारी का अहित नहीं किया। इसके अलावा भाजपा सदैव व्यापारियों के हितों की रक्षा करने का निर्णय लिया है। पत्रकारवार्ता में भाजपा प्रत्याषी हरिप्रताप सिंह, पूर्व सभासद लखन बाबा तथा कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे। बता दें कि व्यापारी कई गुटों में बंटे हुए हैं। श्याम बिहारी गुट के व्यापारियों की आज प्रेसवार्ता थी जिसमें हरिप्रताप सिंह को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। पत्रकारवार्ता में उपस्थित हरिप्रताप सिंह ने कहा कि वह व्यापारियों का सम्मान करते हैं। उनके हितों की रखा सदैव की गई है और की जाएगी।




पत्रकारवार्ता में बोलते पूर्व सभासद लखन बाबा।

## दहेज हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना मान्धाता के धानाध्यक्ष उ0नि0 पुष्पराज सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना मान्धाता के मु0अ0सं0 51/23 धारा 498ए, 304बी, 120बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त फरमान अली पुत्र अब्बास अली नि0 रामपुर मझिगवां थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के रामपुर इनारी मान्धाता रोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा ने एक दर्जन बागी नेताओं को दिखाया बाहर का रास्ता

## पप्पन सिंह, वरुण प्रताप सिंह सहित एक दर्जन बागी छह वर्ष के लिये निस्कासित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने नगर निकाय चुनाव में बागी रुख अपनाने वाले एक दर्जन नेताओं को छह वर्ष के लिये पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बागियों पर सख्त रुख अपनाते हुए नगर पालिकाध्यक्ष पर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री युवा मोर्चा वरुण प्रताप सिंह, भाजपा की पूर्व सभासद छाया श्रीवास्तव, महिला मोर्चा प्रदेष कार्यसमिति की सदस्य माधुरी सिंह, महिला मोर्चा की जिला मंत्री कुसुम सिंह, पूर्व मंत्री मण्डल अजय भारती तथा जिला कार्य समिति के बृज पाण्डेय जो नगर पालिका चुनाव में या तो बागी प्रत्याषी बने हैं या तो बागियों की मदद कर रहे हैं, उन्हें छह वर्ष के लिये निष्कासित कर दिया है। इसी प्रकार टाउन एरिया में भी अनुषासनहीनता करने वाले लोगों पर कार्यवाही हुई है जिसमें पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पन सिंह हीरागंज में टाउन एरिया में बगावत का सुर अलाप रहे हैं, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, नगर पंचायत सुवंसा में मण्डल महामंत्री दिलीप सिंह व मण्डल उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, नगर पंचायत गड़वारा में भाजपा प्रत्याषियों का विरोध कर रहे हैं। इन सभी को भारतीय जनता पार्टी ने छह वर्षों के लिये पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भाजपा की इस कार्यवाही से बागियों व उनके समर्थकों में हड़कंप है। जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने प्रदेष अध्यक्ष के निदेर्षों को आज बागियों को अवगत करा दिया है।

## अचानक हुई झमाझम वारिश से लोगो की मिली राहत

**परियावां, प्रतापगढ़।** अचानक बादलो को गड़ गड़ाहट के साथ रविवार की सुबह हुई झमा झम वारिश से जहा लोगो को राहत मिली तो वही दूसरी तरफ लोगो को पानी के जल जमाव का सामना करना पड़ा अचानक हुई वारिश से प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के आलापुर तिराहे पर पानी की निकासी न होने से पानी का जल जमाव हो गया जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक हुई वारिश से कोई नुकसान नहीं हुआ बल्कि लोगो को राहत राहत शम शाम को फिर बूंदा बादी शुरू हो गई। वारिश के होने से मौसम में परिवर्तन दिखाई दिया लोगो को ठंड महसूस होने लगी राजमार्ग पर पेट्रोल पम्प स्टेट बैंक के सामने कालाकांकर जाने वाले मार्ग पर भरा रहा पानी जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर पर बने 35 सी रेलवे फाटक से गुजरने वाले छोटे व बड़े वाहन के लिये परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उसका कारण यह है कि रेलवे ट्रैक के बीच व आगे पीछे बनी सड़क गड्ढे मे तब्दील हो चुकी है।

# छात्रा ने घर की छत पर फांसी लगाकर दी जान

## महिला ने फंदा लगाकर दी जान, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां/लालगंज/प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कुतमनपुर मधवापुर निवासी शिवभान पटेल की पुत्री गरिमा पटेल (15) वर्षीय जो गांव के समीप कम्पोजिट विद्यालय मधवापुर की कक्षा 8 की छात्रा है जो शनिवार की रात घर की छत पर छावनी की धन्नी मे दुप्पट्टे बांधकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी रविवार की भोर पहर लगभग ढाई तीन बजे होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया घटना की सूचना परिजनों ने 112 पुलिस व अस्थान चैकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर लिखा पढ़ी करके थाने ले गये जहा पुलिस ने लिखा पढ़ी करके पी एम के लिए भेजा। घटना की तहरीर मृतक छात्रा के पिता शिव भान पटेल ने पुलिस को दी आत्महत्या का कारण परिजनों को पता नही चल सका। इस बाबत नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी का कहना है कि मृतक के पिता ने घटना की तहरीर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों के मुताबिक विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के कारण की जाँच पड़ताल की जा रही है कि आत्महत्या की वजह क्या है। लालगंज संवाददाता के मुताबिक पारिवारिक कलह के चलते महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका आशा कार्यकत्री भी थी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मेंढावा (पूरे रामन) निवासी सुरेश गौतम की पत्नी संतोष गौतम (42) ने शनिवार की रात परिवारिक कलह के चलते घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय बताया जाता है कि मृतका का बेटा अभिषेक किसी कार्य से लालगंज गया हुआ था। वहीं मृतका की बेटी मानशी ननिहाल में रहती है। चर्चा के मुताबिक मृतका को घर के किसी सदस्य से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इससे क्षुब्ध होकर संतोष कच्चे घर की धन्नी में साड़ी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर लालगंज कोतवाली पुलिस पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया। सूत्रों के मुताबिक घटना के समय मृतका फोन पर अपने बेटे से बात कर रही थी। इसे लेकर पुलिस ने मृतका का फोन भी घटना की तह तक पहुंचने के लिए सर्विलांस के लिए लगवाया है।

# मन की बात बनी देश में जनसंवाद का बड़ा मध्यम : अनिता त्रिपाठी

नगर पालिका मंझनपुर के सावित्रीबाई फुले नगर जिलाध्यक्ष ने सुनी मन की बात, सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र भाई मोदी द्वारा शुरू की गई मन की बात अब देश की नागरिकों के बीच जनसंवाद का एक बड़ा माध्यम बन गया है। इसके देश के पीएम द्वारा देश के सभी नागरिकों तक देश के सर्वांगीण विकास से जुड़ी विचारों को नागरिकों तक पहुंचाया जाता है। जिसमें राजनीति का कोई लेना देना नहीं होता है यह मन की बात देश के विकास को नई दिशा देने का काम कर रहा है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने नगर पालिका मंझनपुर के सावित्रीबाई फुले नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री का 100 वा मन की बात कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम आज पूरे देश में प्रधानमंत्री के आम लोगों से चुनाव का कार्यक्रम बना हुआ है, जहां बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री के द्वारा देश के विकास को सर्वांगीण दिशा देने के और की जा रही है को जान पाते हैं और अपने विचार व्यक्त करते हैं। इस मन की बात का सबसे बड़ा गुण यह रहा है कि यह पूरी तरह से राजनीति से दूर रहा है। विभिन्न आयामों चाहे वह युवा शिक्षा परीक्षा के साथ पर्यावरण संबंधी मामलों में प्रधानमंत्री की सोच को जन-जन तक पहुंचाने में कामयाब रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि जिस तरीके से देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश की सेवा के लिए अधिकतम प्रयास किए जा रहे हैं। उसी का यह परिणाम रहा है कि आज भारत देश विश्व का चौथा सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है यही नहीं आज आम लोगों को बिजली, पानी, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पहुंचने में कामयाबी मिली है। देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रखने वाले सड़कों का जाल बना है जो देश को विकसित देश की ओर ले जाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जल्दी कुछ सालों में भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में होगा यही प्रधानमंत्री की इच्छा है और इसी के लिए वह अथक प्रयास भी कर रहे हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से वेद प्रकाश सत्यार्थी, ज्ञानेंद्र साहू, अनिल तिवारी, प्रकाश दुबे, अनुज कुमार, महेंद्र दुबे, मोती सरोज, सोहन कश्यप, सुग्रीम सरोज,विनोद पासी, मथुरा प्रसाद, ननकू सेठ, राजेश, पप्पू सरोज सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त बच्ची लाल पासी पुत्र स्व0 हरिलाल पासी निवासी ग्राम किशुनपुर अम्बारी थाना सराय अकिल को ग्राम मुस्तफाबाद नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## दो वांछित अभियुक्त किये गए गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त विक्रम कुमार पुत्र स्व0 ओम प्रकाश निवासी कस्बा व थाना सराय अकिल व अमर सिंह उर्फ छोटकू पाल पुत्र अशोक कुमार पाल निवासी भटपुरवा मजरा चम्पहा थाना कोखराज को बैगवा चौराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क



**करारी कौशाम्बी।** करारी नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी बबली पत्नी श्याम सुंदर केसरवानी ने नेता नगर व कई वार्डों में जनसंपर्क किया। इस दौरान भीड़ देख कर भाजपा समेत अन्य प्रत्याशियों में खलबली मच गई जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता खालिद जाफरी जिला अध्यक्ष विनोद चौधरी, जिला उपाध्यक्ष कमला कांत शुक्ला तामल लोग मौजूद रहे।, कारक विवादों में जनसंपर्क कर लोगों से अपील करते हुए कॉल लगाकर भारी मतों से विजई बनाने के लिए अपील की हर वार्ड में चर्चा का विषय बना है।

### पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने क्षेत्र में लहराया टापर का परचम

**कौशाबी।** पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड गर्ल्स कालेज पूरामुफ्ती के विद्यार्थी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अच्छे अंक प्राप्त कर अपने गुरुजन एवं अभिभावकों का मान-सम्मान समाज में बढ़ाया है। यूपी बोर्ड द्वारा जैसे ही हाई स्कूल एवं इंटर का परीक्षा परिणाम जारी हुआ परीक्षा परिणाम देखकर पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के समस्त अध्यापकगण गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और समस्त अध्यापकगण बच्चों के ऊपर की गई मेहनत सफल होने का अहसास कर रहे हैं। पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ला ने कहा कि बच्चे जिस तरह से हाई स्कूल एवं इंटर में अंक प्राप्त किए हैं वह बहुत ही प्रशंसनीय है इसका पूरा श्रेय पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के अध्यापकगण एवं बच्चों के अभिभावकों को जाता है। प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ल ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के बच्चे शत/प्रतिशत अंक प्राप्त करने के मामले में क्षेत्र में टॉपर का परचम लहराया है। क्षेत्र में टापर का परचम लहराने वाले बच्चों को प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ल बधाई देते हुए भविष्य उज्ज्वल होने की कामनाएं की। इंटर में मानसी चंद्रा 83 प्रतिशत, प्रियंका कुशवाहा 82 प्रतिशत, शिवानी मिश्रा 81प्रतिशत, प्रियंका कुमारी 78 प्रतिशत अंक हासिल किए। हाई स्कूल में अदीबा बानो 93 प्रतिशत, वंश केशरवानी 93 प्रतिशत, रचित यादव 91 प्रतिशत, शिवम सिंह 90 प्रतिशत सहित आदि बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं

### निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मझनपुर से दो थाना पिपरी से एक थाना कोखराज से चार थाना कौशाम्बी से दो थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से तीन कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक आज

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की एक मई सोमवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में मासिक बैठक होगी। बैठक में मजदूरों की समस्यायों एवं उनके निराकरण को लेकर चर्चा की जायेगी। ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 119 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 50 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हरिचन्द्र उर्फ बहरा पुत्र मिठाई लाल पासी निवासी अलीपुरजीता थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 18 लीटर अवैध शराब व ज्ञान सिंह सरोज पुत्र मैकू लाल निवासी हकीमपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व कंचन लाल पुत्र रामदुलारे निवासी रौजापर सिपाह हब्बूनगर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 14 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सरोज पासी पुत्र स्व0 रगई पासी निवासी सिंधिया थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### जुआँ खेलते हुए चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस द्वारा चार अभियुक्तो अमर नाथ सरोज पुत्र जगन्नाथ सरोज दशरथ पटेल पुत्र लक्ष्मण पटेल निम्बू लाल पुत्र सानई व ज्ञान प्रकाश दूबे पुत्र नर्मदा प्रसाद निवासीगण अहिरारा थाना कोखराज को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 320 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 1200 रुपए बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# बेशर्म अधिकारी खा जाते हैं शौचालय निर्माण सफाई की रकम!

वर्षों से बंद शौचालय की सफाई के नाम पर लाखों रुपए का कर दिया गया सफाई कर्मी को भुगतान

अखंड भारत संदेश

**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी और ग्राम प्रधान इस कदर से भ्रष्टाचार में गिर चुके हैं कि अब उन्हें शौचालय निर्माण और उसकी साफ सफाई के लिए मिलने वाले धन को भी खा जाने में तनिक भी शर्म नहीं महसूस होती है शौचालय निर्माण मरम्मत और उसके साफ-सफाई को मिलने वाले रकम को खा जाने के चलते शौचालय का उपयोग नहीं हो पाता है इतना ही नहीं अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए जर्जर हो चुके ताला बंद शौचालय में सफाई कर्मी के नाम पर उसे प्रत्येक महीना वेतन देकर कमीशन वसूला जा रहा है मामले को लेकर ग्रामीणों ने अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त नेवादा ब्लॉक के अधिकारी मामले की जांच कर दोषियों को दंडित नहीं कर सके हैं। चायल तहसील के ग्राम बरियावां के सरकारी जूनियर हाई स्कूल के पीछे शौचालय निर्माण पूर्व प्रधान के कार्यकाल में कराया गया लेकिन घटिया क्वालिटी के निर्माण के चलते शौचालय उपयोग में



नहीं आ सका है जमकर कमीशन खोरी की चर्चा है शौचालय की दीवार फट गई है यह पूरी तरह से वह जर्जर हो चुका है स्थिति बेहद खराब है जिससे स्कूल के बच्चे शौचालय का उपयोग नहीं कर पाते हैं स्थिति इतनी खराब है कि कभी भी भरभरा कर गिर जाने की संभावना है जिससे उसमें ताला बंद कर दिया गया है स्कूल के शौचालय की साफ सफाई करने की बात तो बेमानी लगती है लेकिन उसके बाद भी शौचालय की सफाई के नाम पर प्रत्येक महीने सफाई कर्मी को 6000 रुपए वेतन दिया जा रहा है बताया जाता है कि अब तक सफाई के नाम पर लाखों रुपए भुगतान कर दिया गया है इतना ही नहीं शौचालय मरम्मत के नाम पर भी रकम खर्च की गई है। बताया जाता है कि वेतन देने के नाम पर आधी रकम जिम्मेदारों द्वारा कमीशन के नाम पर वापस ले ली जाती है सवाल उठता है कि जिस शौचालय में वर्षो से ताला बंद है उसकी साफ-सफाई कैसे होगी और जब साफ सफाई नहीं होगी तो ड्यूटी पर लगे कर्मी को वेतन देने का क्या औचित्य है लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों के भेजे में सच्चाई नहीं प्रवेश कर रही है मामले में जगह-जगह भ्रष्टाचार ब्याप्त है नेवादा विकासखंड के अधिकारियों के शौचालय निर्माण और सफाई के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार में संलिप्त होने से इनकार नहीं किया जा सकता इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया शौचालय निर्माण करने वाले ग्राम प्रधान सफाई के नाम पर फर्जी उपस्थिति दर्ज कर बेतन अवमुक्त करने वाले अधिकारियों के कारनामों की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# नगर निकाय चुनाव : राजनीतिक मोहरा बनाकर उतारे गए हैं प्रत्यासी

नगर पंचायत चायल क्षेत्र की जनता को सोंच समझकर करना होगा मतदान, चुनाव जीतने के बाद अपने आका के हांथ की कठपुतली बनकर रह जाएंगे मोहरा बने प्रत्यासी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव का मतदान चंद दिन बाकी रह गए हैं। जनता मतदान करने के लिए बहुत उत्सुक दिखाई दे रही है। जनता को उत्सुकता के साथ - साथ किसी के बहकावे में ना आकर स्वयं का विवेक भी इस्तेमाल करना चाहिए। लोगों को कुछ विशेष बातों को ध्यान में रखकर मतदान करना होगा जिससे नगर का विकास हो सके। इस बार नगर निकाय चुनाव में राजनैतिक लोग कई प्रत्यासियों को राजनीतिक मोहरा बनाकर चुनाव मैदान में उतारे हैं जिनका राजनीति से दूर - दूर तक कोई वास्ता नहीं है फिर भी नगर पंचायत अध्यक्ष पद का दावा ठोककर प्रचार - प्रसार शुरू कर दिए हैं। लोगों की माने तो राजनैतिक लोग नगर पंचायत चायल के चुनाव मैदान में राजनीतिक मोहरा बनाकर प्रत्यासी उतारे हैं। मोहरा बने प्रत्यासी चुनाव जीत भी जाएंगे तो इनसे नगर का विकास नहीं हो पाएगा क्योंकि मोहरा बने प्रत्यासी के आका जो कहेंगे वही करेंगे और अपने आका के हांथ की कठपुतली बनकर रह जाएंगे। किसी दूसरे के हांथ की कठपुतली नगर का विकास करने में कितना सक्षम होंगे यह आकलन करना नगर पंचायत चायल क्षेत्र की जनता के लिए बेहद जरूरी है।

### नगर पंचायत चायल के चुनाव में मोहरा बना प्रत्यासी खूब हो रहा इस्तेमाल

**मोहरा बने प्रत्यासी से कैसे होगा नगर पंचायत चायल का विकास**

**कौशाम्बी।** आज के समय में हर जगह राजनैतिक लोग विराजमान हैं। राजनीति से जुड़े हुए लोग बिना राजनीति किए रह नही सकते। इस बार नगर पंचायत चायल में अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण का लाभ मिला है और इस सीट से सिर्फ अनुसूचित जाति के लोग ही चुनाव लड़ सकते हैं। चुनाव मतदान बिल्कुल नजदीक आ गया है और सभी प्रत्यासी रस्साकसी में जुटे हैं लेकिन अंदरखाने से खबर आ रही है कि राजनैतिक लोग स्वार्थ सिद्ध करने के इरादे से अनुसूचित जाति के कम पढ़े लिखे लोगों का भरपूर इस्तेमाल करने में जुट गए हैं। राजनैतिक लोग अनुसूचित जाति के कुछ लोगों को मोहरा बनाकर नगर पंचायत चायल के चुनाव मैदान में उतारा गया है जिसके बारे में नगर पंचायत चायल क्षेत्र की जनता भली - भांति वाकिफ है। लोगों का मानना है कि जिस प्रत्यासी की बागडोर किसी और के हांथ में हो ऐसे प्रत्यासी के जीतने के बाद भी नगर पंचायत चायल का विकास असंभव माना जा रहा है। मोहरा बने प्रत्यासी को नगर पंचायत चायल की जनता पूरी तरह से नकार रही है। राजनैतिक लोग मोहरा बने प्रत्यासी के पीछे दिन - रात मेहनत कर रहे हैं और पैसे को पानी की तरह बहा रहे हैं। अब देखना यह है कि राजनैतिक लोग अपने मकसद में कहां तक कामयाब होते हैं यह तो भविष्य के गर्त में है।

### अंतर कलह का खामियाजा भुगतेंगे प्रत्याशी

**करारी कौशाम्बी।** नगर पंचायत चुनाव में होने वाले मतदान 4 मई को करारी नगर पंचायत की जनता अभी से पूरी तरह नकार रही है भाजपा प्रत्याशी की राह में तमाम रोड़े रहे हैं दो बड़े नेताओं के अंतरकलह का खामियाजा भाजपा प्रत्याशी भुगतेंगे। नगर पंचायत करारी के भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी को जनता ने सबक सिखाने की ठान ली है अगर बागियों ने बगावत की तो चेयरमैन बनने का ख्वाब देख रहे भाजपा प्रत्याशी को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। भाजपा प्रत्याशी को नगर की जनता जानने से इंकार कर रही है भाजपा का वोटर भाजपा प्रत्याशी के साथ नही बल्कि दो बागी नेताओं के पाले में दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में यदि भाजपा प्रत्याशी अपने मूल वोटरों को साधने में चूक गया तो हजार का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल होगा। करारी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में भाजपा ने ब्रजेश अग्रहरि को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने जब से प्रत्याशी की घोषणा की है। तबसे भाजपा समर्थको से लेकर नेता और वोटर इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं। टिकट बंटवारे को लेकर प्रभारी से लेकर मंडल और जिला कमेटी पर रुपये लेकर टिकट देने का जहां आरोप लगा रहे हैं वहीं भाजपा के पुराने दो नेताओं ने बगावत कर चुनाव मैदान में उतर कर ताल ठोक दी है। इनमें एक ने अपनी पत्नी को एक राष्ट्रीय पार्टी व एक निर्दलीय मैदान में है।

# पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनी जनसुनवाई

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।




जनसुनवाई करते पुलिस अधीक्षक



## सड़कों के निर्माण में मानक और गुणवत्ता की हो रही अनदेखी, होगी शिकायत : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी शनिवार को सिराथू ब्लॉक के कई नवनिर्मित एवं निमार्णाधीन सड़को का स्थलीय जायजा लिया और स्थानीय लोगों से सड़को के निर्माण को लेकर वार्ता की। शनिवार को अजय सोनी ने सिराथू ब्लॉक के गांव खनवारी से हिसामपुर बहरेमऊ, उदहिन बुजुर्ग, गंभीरा पूर्व कमासिन माता मंदिर, बदबदापर मजरा अनेठा, पितम्बरपुर मजरा मलाक पिंजरी आदि नवनिर्मित एवं निमार्णाधीन सड़को का स्थलीय जायजा लिया और स्थानीय लोगो से सड़क निर्माण की गुणवत्ता एवं मानक को लेकर वार्ता की। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदारों द्वारा बहुत कम मात्रा में डामर का इस्तमाल किया गया है। साथ ही पटरी का निर्माण भी आधा अधूरा कराया गया है। इसी के साथ ग्रामीणों ने शिकायत किया कि जिस तरह से सड़के बनाई गईं हैं, जल्द ही सड़क उखड़ जायेगी और लोगों को आवागमन में दिक्कत होगी। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों ने मनमाने तरीके से सड़को एवं पटरियों का निर्माण किया है और सड़क निर्माण मे गुणवत्ता, मानक की अनदेखी की गई है। इसे कत्तई बर्दाश्त नही किया जायेगा और जल्द ही उच्च अधिकारियों से शिकायत की जायेगी। साथ ही धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ जुम्मन अली, राम बहोरी, दिलीप लोधी, ज्ञान सिंह लोधी, रामू लोधी आदि मौजूद रहे।

## बीओबी करारी में वर्षों से लगा सुरक्षा गार्ड आए दिन ग्राहकों से करता है अभद्रता,आक्रोश

**करारी कौशाम्बी।** बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा करारी में वर्षों से लगा सुरक्षाकर्मी अक्सर ग्राहकों से अभद्रता करता रहता है , यदि खाताधारक उससे कुछ पूंछने की कोशिश करते हैं तो इसके द्वारा डंडा पटक कर ग्राहकों को बैंक से बाहर निकाल देने की धमकी दी जाती है। जिससे ग्राहकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जब कोई वरिष्ठ ग्राहक जाता है और कुछ पूंछने की कोशिश करता है सुरक्षा गार्ड का पारा सातवें आसमान पर पहुंच जाता है। लोगों को यहां से खाता हटवाने की धमकी देने लगता है। इस बैंक की शाखा के अधिकतर कार्य ग्राहकों को बाहर भेजकर करवाया जाता है। कभी सर्वर का बहाना तो कभी पैसों की कमी बनी रहती है। ग्राहक बाहर छोटी शाखाओं में दिन भर लाइन में भूखे प्यासे खड़े रहते हैं। पासबुक प्रिंटिंग मशीन खराब पड़ी है जिसपर बैंक कर्मियों का ध्यान नहीं जा रहा है , जिससे ग्राहकों को अपने पैसे के लेन देन को जानने के लिए छोटी शाखाओं के दिन भर चक्कर काटने पड़ते है।लोगों ने आलाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात पाने के लिए त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

# कुछ वर्ष पूर्व 42 के संख्या में जनपद में चलती थी भांग की दुकानें आज अभिलेख में हुई आधी

जनपद में लगभग डेढ़ दर्जन अवैध चल रही भांग की दुकानें जिसमें बिकता है गांजा, आबकारी विभाग अवैध दुकान संचालकों पर कार्यवाही करने की बात पर खोज रहा बैसाखी का सहारा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोविड 19 काल से पूर्व जनपद में भांग की लगभग 42 दुकाने चला करती थी लेकिन कोविड 19 काल के बाद से भांग की दुकानों की संख्या घटकर 27 हो गई है। जिससे सरकार को लगभग एक करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान कोविड 19 काल के बाद प्रत्येक वर्ष हुआ करता है जिस पर जनपद का आबकारी विभाग तनिक भी जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए गंभीर नहीं हुआ है जिस पर जनपद वासियों द्वारा चचाएं आम हो रही है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते कुछ वर्ष पूर्व से लेकर 201819, तक जनपद में लगभग 42 दुकाने चला करती थी जिसमें सरकार को भांग की दुकानों से आने वाले राजस्व का एक मजबूत लाभ हुआ करता था लेकिन कोविड 19 के बाद से जनपद की भांग के दुकानों की संख्या 42 से घटकर मात्र 27 रह गई है जो सरकारी अभिलेखों तक ही। सीमित है लेकिन वहीं पर सूत्र बताते हैं कि आबकारी के अभिलेखों में सीमित भाँग 27 दुकाने तक हि नहीं चलती हैं बल्कि साथ में डेढ़ दर्जन से अधिक भांग की दुकानें अवैध रूप से संचालित हो रही हैं जिस का संचालन पूरे जनपद में किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो भांग अवैध दुकानों संचालन संदीपन घाट थाना क्षेत्र के दो मास्टरमाइंड द्वारा किया जा रहा है और अवैध रूप से चलाई जा रही भांग की दुकानों में बेखौफ बेधड़क गांजे की बिक्री कराई जा रही है जिसे किसी बड़े अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है ऐसी चर्चा लोगों की जुबानी सुनी जा रही है। जिस पर जनपद की जनमानस ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करने की मांग की है।

### बेखबर हैं जिला आबकारी अधिकारी

**कौशाम्बी।** जब इस संबंध में डीओ आबकारी से बात की गई तो उन्होंने जनपद में हो रहे भांग के दुकान के अवैध संचालन तथा गांजा की बिक्री होने की जानकारी से अपने आप को बे खवर बताया है जो बहुत ही असमंजस भरा विचारणीय गंभीर विषय है।



## शाशन द्वारा सुरक्षित भूमि में अवैध कब्जा कर निर्माण कर रहे है दबंग

**कौशाबी।** चायल तहसील के बसुहार गाँव सभा में गाटा संख्या 866-रकवा 0'685हेक्टेयर बंजर भूमि जो खेल के मैदान हेतु सुरक्षित भूमि हैं ।जिसमें कतिपय आराजक तत्व जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण कर रहे जिसमें संबंधित लेखपाल की भूमिका संदिग्ध है और मोटी रकम के बल पर जबरन खेल के मैदान की भूमि पर अवैध निर्माण में लगे हुए हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में ग्रामीणो द्वारा जिला अधिकारी कौशांबी के यहाँ इस संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन अवैध कब्जा किये हुए लोगों का हौसला बुलंद है और उनका कहना हैं कि जिसे जहाँ जाना हो जाऐ हमारा कोई कुछ भी नहीं बिगाड पायेगा जिससे गाँव में आक्रोश हैं चूकि मंझन पुर रोड पर यह बेशकीमती जमीन हैं जिसे भू माफिया किसी भी तरह से हथिया कर मोटी रकम कमाने का मंसूबा पाले हुए हैं ग्रामीणो ने शाशन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त खेल के मैदान में हो रहे अवेध निर्माण को रोकने तथा अवैध कब्जा धारको के खिलाफ कार्य वाही की माँग की है और योगी राज में भू माफियाओ द्वारा किया गया अवैधानिक तरीकेसे किए गये निर्माण को गिराने की माँग की है।

जन संपादकीय

## मन की बात ने दोतरफा संवाद की जो व्यवस्था कायम की उससे लोकतंत्र और मजबूत हुआ

प्रधानमंत्री के मन की बात को जनता कितना पसंद करती है इसका अंदाजा हाल के कुछ सर्वेक्षण परिणामों से लग जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 23 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हर महीने के आखिरी रविवार को सुनते हैं।

राजनेता तमाम परियोजनाएं और कार्यक्रम शुरू करते हैं लेकिन उन्हें इस बात की फिक्र नहीं होती कि उसमें से कितनी परियोजनाएं पूरी होती हैं या कितने कार्यक्रम बिना किसी बाधा के निरंतर चलते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंदाज सबसे अलग है। वह जो परियोजनाएं शुरू करते हैं उसका शिलान्यास से लेकर उद्घाटन तक वह करते हैं। जो कार्यक्रम वह शुरू करते हैं वह निरंतर चलते भी हैं और रिकॉर्ड भी बनाते हैं। अब मन की बात को ही लीजिये। प्रधानमंत्री बनने के बाद देश से सीधा संवाद कायम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन अक्टूबर 2014 को रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम शुरू किया था जिसकी सौंवी कड़ी 30 अप्रैल 2023 को प्रसारित हो रही है।

मासिक आधार पर प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की सौ कड़ियां पूरी होना एक अनोखा रिकॉर्ड तो है ही साथ ही इससे यह भी प्रदर्शित होता है कि प्रधानमंत्री देश की जनता से सीधे जुड़ने के लिए कितना आतुर रहते हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि मन की बात में मुद्दे उठाने के लिए प्रधानमंत्री देशवासियों से उनके सुझाव आमंत्रित करते हैं, जितने भी सुझाव आते हैं उन्हें वह देखते हैं, इससे उन्हें पता चलता है कि देश में क्या-क्या चल रहा है, क्या नई चुनौतियां और समस्याएं हैं या देश की जनता सरकार के बारे में क्या सोचती है। प्राप्त सुझावों में से बेहतरीन सुझावों का वह अपने कार्यक्रम में जिक्र करते हैं जिससे देशवासी भी खुशी से फूले नहीं समाते।

आज के इस आधुनिक युग में जहां हर पल घटनाएं तीव्रता से बदलती हैं और हर कोई तमाम मीडिया या सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से हर विषय पर समाचारों से अवगत रहता है उसके बावजूद लोग यदि सामूहिक रूप से बैठ कर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए हर महीने के आखिरी रविवार का इंतजार करते हैं तो यह दशार्ता है कि प्रधानमंत्री के मन की बात ही जनता के मन की बात है क्योंकि देश-दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता होने के बावजूद मोदी ने इस कार्यक्रम को राजनीति से दूर ही रखा है। इस कार्यक्रम में वह देश की प्रगति, चुनौतियों और लक्ष्यों की चर्चा तो करते ही हैं साथ ही आम भारतीयों की उपलब्धियों और उनकी प्रेरक कहानियों से भी देश को रूबरू करवाते हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री की बदौलत रेडियो सुनने वालों की संख्या बढ़ी है और इस माध्यम में उनकी रुचि फिर से जगी है। इस रेडियो कार्यक्रम ने सामुदायिक बंधन को प्रगाढ़ करने में भी मदद की है।

प्रधानमंत्री के मन की बात को जनता कितना पसंद करती है इसका अंदाजा हाल के कुछ सर्वेक्षण परिणामों से लग जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 23 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हर महीने के आखिरी रविवार को सुनते हैं, जिसमें 65 प्रतिशत श्रोता हिंदी में उनकी बात सुनना पसंद करते हैं। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि मन की बात कार्यक्रम मोबाइल फोन के बाद टेलीविजन चैनलों पर अधिक सुना जाता है। सर्वेक्षण के मुताबिक कुल श्रोताओं में से 44.7 प्रतिशत टेलीविजन सेट पर कार्यक्रम सुनते हैं, जबकि 37.6 प्रतिशत मोबाइल फोन पर इसे सुनते हैं। रेडियो श्रोताओं की संख्या कुल श्रोताओं का 17.6 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में पाया गया कि 100 करोड़ से अधिक लोगों ने कम से कम एक बार कार्यक्रम को सुना है, जबकि लगभग 41 करोड़ सामयिक श्रोता थे।

सर्वेक्षण में पाया गया कि मन की बात सुनने वाले लोगों में से 73 प्रतिशत ने सरकार के कामकाज और देश की प्रगति के बारे में आशावादी महसूस किया, जबकि 58 प्रतिशत ने कहा कि उनके जीवनस्तर में सुधार हुआ है। 59 प्रतिशत लोगों ने इस कार्यक्रम की बदौलत सरकार में भरोसा बढ़ने की बात भी कही है। सर्वेक्षण के अनुसार, सरकार के प्रति आम धारणा का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 63 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि सरकार के प्रति उनका दृष्टिकोण सकारात्मक हो गया है और 60 प्रतिशत ने राष्ट्र निर्माण के लिए काम करने में रुचि दिखाई। सर्वेक्षण में पाया गया कि मन की बात कार्यक्रम के सबसे लोकप्रिय विषय भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियां, आम नागरिकों की कहानियां, सशस्त्र बलों की वीरता, युवाओं, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन से जुड़े मुद्दे थे।

हम आपको यह भी बता दें कि मन की बात का स्वरूप इतना व्यापक है कि इसे 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा, फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली जैसी 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है। साथ ही इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है।

इसके अलावा एक और अध्ययन सामने आया है। उसके मुताबिक, आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रेरणा का एक विश्वसनीय स्रोत तथा कृषि और उद्यमिता विकास के लिए व्यापक जागरूकता के माध्यम के रूप में पहचान हासिल हो चुकी है। अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार, प्राकृतिक खेती, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, और एकीकृत कृषि प्रणाली (विविधीकरण) को अपनाने की इच्छा मन की बात के एपिसोड में शामिल छोटे किसानों का सबसे पसंदीदा विषय थे। इसके अलावा, मोटे अनाज के किसानों के साथ एक अन्य आकलन से पता चला है कि कृषि विज्ञान केंद्र के पेशेवरों द्वारा मन की बात और अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से दिए गए संदेश ने मोटे अनाज की उन्नत किस्मों को अपनाने की प्रक्रिया और उत्पादन प्रणाली पर किसानों की धारणा को मजबूत किया है।

# कश्मीर का विकास जिन लोगों से देखा नहीं जा रहा, वह घाटी की शांति को भंग कर रहे हैं

ललित गर्ग



कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहां के बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत झीलें पर्यटकों आकर्षित करती हैं। कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल हजारों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस वादी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, यहां का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है। यहां का शांत वातावरण, हरा-भरा पहाड़ी परिदृश्य, वनस्पतियां, झील और नदी इस वैली को जन्नत बनाने का काम करती हैं। प्रकृति की असल खूबसूरती आप यहां आकर देख सकते हैं। प्रदूषण रहित यह स्थल आपको आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा। लेकिन इन शांत एवं खूबसूरत वादियों में पडोसी देश पाकिस्तान एवं तथाकथित उन्मादी तत्व आतंक की घटनाओं को अंजाम देकर अशांति फैलाते रहते हैं।

ऐसे ही जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में एक आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। नागरोटा में तैनात सेना की 16वीं कोर ने शहीद हुए सैनिकों की पहचान हवलदार मंदीप सिंह, लांसनायक देबाशीश बस्वाल, लांसनायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकृष्ण सिंह और सिपाही सेवक सिंह के रूप में बताई है। शहीद हुए पांच सैनिकों में से चार पंजाब के और एक ओडिशा का रहने वाला था। देबाशीश बस्वाल ओडिशा के अलगुम सामिल खंडायत के निवासी थे, जबकि मंदीप सिंह पंजाब के चानकोईयां काकन गांव के, हरकृष्ण सिंह तलवंडी बारथ गांव के, कुलवंत सिंह चारिक के और सेवक सिंह वाघा के रहने वाले थे। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने वाहन पर गोलियों के निशान देखे हैं और वहां से ग्रेनेड के टुकड़े बरामद हुए हैं, जिससे इसके आतंकी हमला होने की पुष्टि हुई है।

लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुंछ इलाके में हुए इस आतंकी हमले की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा है। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब भारत इस साल जी-20 समिट की अध्यक्षता कर रहा है। इसके तहत लेह में 26 से 28 अप्रैल को और श्रीनगर में 22 से 24 मई को बैठक होनी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुआ आतंकी हमला इसी माह लेह में और अगले महीने श्रीनगर में होने वाली जी-20 समिट की बैठकों को रद्द कराने की साजिश के तहत किया गया था।

मैंने हाल ही अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार करने में जुटी है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही हैं, बल्कि पिछले 8 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निदोर्षी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक एवं आतंक से अमन-चैन तक लाने का, बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। मोदी कश्मीर को जी-20 की बैठक के लिये चुनकर दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि नेतृत्व चाहे तो दुनिया से आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। इस बैठक में जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर है, पुंछ जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती हैं। जिस जगह पर हमला हुआ वहां पर सीमा सड़क संगठन द्वारा एक बोर्ड लगाया गया है जिसमें लिखा है कि हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाएं, इस बोर्ड के ऊपर भी गोलियों के निशान बने हुए हैं। जहां पर हमला हुआ वहां पर एक बहुत बड़ा पत्थर है इस पत्थर की आड़ लेकर भी आतंकियों ने सैन्य वाहन पर गोलीबारी की। आतंकियों ने जिस जगह पर सैन्य वाहन पर हमला किया उस जगह पर सड़क के नीचे से एक पुलियां गुजरती है जिसमें एक नहीं कई लोग आराम से छिप कर बैठ सकते हैं। सड़क के किनारे पर अभी भी सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जबकि सड़क के दोनों तरफ काफी घना जंगल है जिसके अंदर आतंकी सुरक्षित शरण लेकर अपने ठिकानों तक पहुंच सकते हैं।

15 अगस्त 47 के दिन से ही पड़ोसी देश पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्टाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति ह्यकश्मीरह्ण पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब केंद्र सरकार को ही देना है, उसने सटीक जवाब देकर आतंकियों के मनसूंबों को ढेर किया है, पड़ोसी देश की गर्दन को मरोड़ा भी है। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। ऐसे वक्त में जब कश्मीर में लोकतांत्रिक तरीके से सरकार बनाने की तैयारियां चल रही हों, वहां शांति स्थापित करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। इनमें अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं।

# दिहाड़ीदार मजदूरों की दुर्दशा के लिए जिम्मेवार कौन

1 मई, मजदूर दिवस विशेष )



बदलते दौर में विभिन्न आपदाओ के कारण सबसे बड़ा संकट दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए हुआ है। जिनके बारे देश के अंदर बहुत ही कम चर्चा हुई और इनकी आर्थिक सहायता के लिए देश की सरकार ने कुछ नहीं सोचा। कोई संदेह नहीं कि देश का मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा शोषण का शिकार है। दिहाड़ीदार मजदूर के लिए भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। शहरों में रोजी-रोटी की तलाश में आने वाले मजदूर भूख से मर रहें है दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए जिम्मेवार कौन है ? देशभर में करोड़ों लोग दिहाड़ीदार श्रमिक हैं। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है।

किसी भी समाज, देश संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहमियत किसी से भी कम नहीं आंकी जा सकती। इनके श्रम के बिना औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती। दिहाड़ीदार मजदूर की गतिविधियों या डेटा के संग्रह को किसी कानूनी प्रावधान के तहत संजोकर नहीं रखा जाता है मतलब ये की सरकार इनका खाता नहीं रखती है। इन दिहाड़ीदार मजदूरो/अनौपचारिक / असंगठित क्षेत्र का जीडीपी और रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से, शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र में लगे हुए हैं। शहरी विकास में दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र का महत्व बहुत ज्यादा है। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 500 मिलियन श्रमिकों के भारत के कुल कार्यबल का लगभग 90% अनौपचारिक क्षेत्र में लगा हुआ है। यही नहीं प्रवासी दिहाड़ीदार मजदूर न केवल आधुनिक भारत, बल्कि आधुनिक सिंगापुर, आधुनिक दुबई और हर आधुनिक देश का निमार्ता है जो आधुनिकता की ग्लैमर सूची में खुद को ढालता है। भारत में शहरी अर्थव्यवस्था विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप है, जो अनौपचारिक श्रमिकों दिहाड़ीदार मजदूरों और असंगठित क्षेत्र द्वारा लाइ गई है। देखे तो यही वो बैक-एंड इंडिया है जो आधुनिक अर्थव्यवस्था के पहियों को चालू रखने के लिए फ्रंट-एंड इंडिया को दैनिक जरूरत का समर्थन प्रदान करता है।

फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान, भले ही बड़े नाम और उनके प्रसिद्ध संचालकों के बावजूद ऐसे श्रमिकों या दिहाड़ीदारों पर निर्भर करते हैं। ये अलग-अलग कार्यों के लिए आते हैं। उबर और ओला ड्राइवर,राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लम्बर और कई अन्य हैं। भारत के भीतर श्रम प्रवास आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है और लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने में योगदान देता है। प्रवासन आय में सुधार, कौशल विकास, और स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी सेवाओं तक अधिक पहुंच प्रदान करने जैसे कार्यों में मदद कर सकता हैइसके बावजूद ये दिहाड़ीदार बहुत सी समस्यों से घिरे हुए है। हमारे राज्यों और शहरों में कितने अनौपचारिक क्षेत्र के कार्यकर्ता/दिहाड़ीदार प्रवेश करते हैं और छोड़ते हैं, इस पर कोई विश्वसनीय डेटा नहीं है। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2019 के अनुसार, भारत के कुल श्रमबल के लगभग 90% कर्मचारी अनौपचारिक क्षेत्र में लगे हुए हैं। कार्यबल के रिकॉर्ड के अभाव में प्रमुख चुनौतियों में नौकरी की सुरक्षा की कमी, सीमित या बैंकिंग और बीमा चैनलों तक पहुंच न होना, आम तौर पर कम विकसित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली शामिल हैं।इसके पास बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को सार्वजनिक सुविधाओं जैसे कि हैंडपंप और सार्वजनिक नल या स्टैंडपाइप पर अधिक निर्भरता है जो एक नगरपालिका या सार्वजनिक कनेक्शन से जुड़े होते हैं। और ये स्रोत आम तौर पर अविश्वसनीय हैं - हैंड पंप और नगरपालिका पाइप हमेशा पीने योग्य गुणवत्ता वाले पानी की आपूर्ति नहीं करते हैं। संक्रमण का मुकाबला करने में हाथ धोने के महत्व को देखते हुए जल स्वच्छता और स्वच्छता की कमी प्रवासी मजदूरों को असुरक्षित कार्य वातावरण में काम करने का जोखिम देती है।

शहरी क्षेत्रों को अनौपचारिक क्षेत्र के कार्यकर्ता के लिए अधिक समावेशी बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को भारतीय अर्थव्यवस्था, ग्रामीण-शहरी विभाजन, राज्यों के भीतर असमान विकास और देश में क्षेत्रों के बीच असमान विकास और सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को दूर करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने की आवश्यकता है। अनौपचारिक क्षेत्र के कार्यकर्ता को अपने स्थानीय प्रशासन और पंचायत संरचनाओं के माध्यम से अपने कौशल और पिछले अनुभव के आधार पर नौकरी की तलाश और रोजगार के अवसरों के लिए प्रासंगिक जानकारी और परामर्श के साथ समर्थन करने की आवश्यकता है। श्रम मंत्रालय द्वारा हाल ही में प्रस्तावित असंगठित कामगार सूचकांक नंबर कार्ड भी कार्यबल को औपचारिक बनाने में मदद करेगा। सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित करके इनके लिए बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है।स्मार्ट शहरों की परियोजनाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन बुनियादी ढांचे को भी मजबूत करने की आवश्यकता है। यह सामाजिक और वित्तीय समावेश स्मार्ट सिटीज मिशन को वास्तव में समग्र बना देगा। अन्य नियमित कर्मचारियों की तरह इनको भी आर्थिक रूप से सहायता करना इनकी सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देगा। सामाजिक सुरक्षा कोष में तेजी लाने की आवश्यकता है ताकि देश के सबसे गरीब और कमजोर तबके को यह वित्तीय सुरक्षा की भावना प्रदान कर सके। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है। किसी भी समाज, देश संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहमियत किसी से भी कम नहीं आंकी जा सकती। इनके श्रम के बिना औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

--- डॉ. प्रियंका सौरभ,

# जब बाघ के जबड़ों को दोनों हाथों से पकड़कर चीर दिया था हरिसिंह नलवा ने

-डॉ उमेश प्रताप वत्स

एक बार महाराजा रणजीत सिंह जंगल में शिकार खेलने गये। कुछ सैनिकों सहित हरि सिंह भी उनके साथ थे तभी अचानक एक विशालकाय बाघ ने उन पर हमला कर दिया। सभी सैनिक डर के मारे पीछे हो गए। तभी हरि सिंह बाघ के सामने आ गए।हरि सिंह व बाघ का जबरदस्त मुकाबला हुआ। अंत में इस खतरनाक मुठभेड़ में हरि सिंह ने बाघ के जबड़ों को अपने दोनों हाथों से पकड़ कर उसके मुँह को बीच में से चीर डाला। उसकी इस बहादुरी को देख कर रणजीत सिंह के मुख से अचानक ही निकल गया अरे ! तुम तो राजा नल जैसे वीर हो। तभी से उनके नाम में नलवा जुड़ गया और वे सरदार हरिसिंह नलवा कहलाने लगे। हरि सिंह नलवा का जन्म 28 अप्रैल 1791 को एक सिक्ख परिवार में गुजरांवाला पंजाब में हुआ था। इनके पिता का नाम गुरदयाल सिंह उप्पल और माता का नाम धर्मा कौर था। बचपन में उन्हें घर के लोग प्यार से हरिया कहकर पुकारते थे। सात वर्ष की आयु में इनके पिता का देहान्त हो गया था। महाराजा रणजीत सिंह ने 1805 ई. के बसन्तोत्सव पर एक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की । जिसमें हरि सिंह ने भाला चलाने, तीर चलाने तथा अन्य प्रतियोगिताओं में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे प्रभावित होकर महाराजा रणजीत सिंह ने उन्हें अपनी सेना में भर्ती कर लिया। अपनी बहादुरी व समझ के कारण शीघ्र ही वे महाराजा रणजीत सिंह के विश्वासपात्र सेना नायकों में से एक बन गये।उनको कश्मीर का राज्यपाल बनाकर भेजा गया वहा की स्थिति देखकर वे हैरान हो गए, उनके अन्दर गुरु गोविन्द सिंह का संस्कार और वीर बंदा बैरागी का रक्त था। वे पहले ऐसे हिन्दू वीर सेनापति थे जो ईंट का जवाब पत्थर से देना जानते थे। शठे शाठ्यम समांचरेत जो जैसा होता वैसा ही व्यवहार करते थे। महाराजा रणजीत सिंह के सेनापति के रूप में उनकी ख्याति दूर-दूर तक फैल चुकी थी। कश्मीर घाटी में पहुँचते ही मुगलों ने जिन मंदिरों को ढहाकर मस्जिद बनाई थी, हरिसिंह नलवा ने उसी स्थान पर मंदिरों का निर्माण कराया। उन्होंने आदेश जारी किया कि हिंदुओं की तरह मुसलमानों से भी टैक्स लिया जाय। मुस्लिम शासक हिन्दुओं के साथ जैसा व्यवहार करते , वे मुसलमानों के साथ वैसा ही व्यवहार करते थे। उन्होंने मुसलमान बन चुके सैंकड़ों बंधुओं की घर वापसी भी की। जिससे बिना किसी संकोच के बड़ी संख्या में लोगो की घर वापसी होने लगी, लेकिन हिन्दुओ की नासमझी और रूढ़ियों के कारण ऐसा हो न सका , आज उसका परिणाम कश्मीरी पंडित झेल रहे है। 1837 में जामरोद पर अफगानों ने आक्रमण किया। रणजीत सिंह के बेटे का विवाह लाहौर में था हरिसिंह पेशावर में बीमार थे। आक्रमण का समाचार सुनते ही वे जामरोद पहुंचे। जबरदस्त मुकाबले के बाद अफगानी सैनिक पराजित हो भाग निकले नलवा और सरदार निधन सिंह उनका पीछा करने लगे। रास्ते में सरदार सम्सखान एक घाटी में छिपा हुआ था। घाटी में पहुँचते ही नलवा पर आक्रमण हुआ और हरिसिंह नलवा को धोखे से पीछे से गोली मार दी ।इसके बाद भी हरीसिंह दुश्मनों से लड़ते रहे जब वे जामरोद पहुचे तो उनका निष्प्राण शरीर ही घोड़े पर था।



महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल में 1807 ई. से लेकर 1837 ई. तक हरि सिंह नलवा लगातार अफगानों से लोहा लेते रहे। अफगानों के विरुद्ध लड़ाई जीतकर उन्होंने कसूर, मुल्तान, कश्मीर और पेशावर में सिख शासन की स्थापना की। काबुल बादशाहत के तीन पश्तून उत्तराधिकारी सरदार हरि सिंह नलवा के प्रतिद्वंदी थे। पहला था अहमद शाह अब्दाली का पोता, शाह सूजा, दूसरा फतहखान और तीसरा सुल्तान मोहम्मद खान। सरदार हरि सिंह नलवा ने अपने अभियानों द्वारा सिन्धु नदी के पार अफगान साम्राज्य के एक बड़े भू-भाग पर अधिकार करके सिख साम्राज्य की उत्तर पश्चिम सीमांत का विस्तार किया था। हरि सिंह नलवा की सेनाओं ने अफगानों को खैबर दर्रे के उस ओर खदेड़ कर इतिहास की धारा ही बदल दी थी।खैबर दर्रे से होकर ही 500 ईसा पूर्व में यूनानियों के भारत पर आक्रमण करने और लूटपाट करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसी दर्रे से होकर यूनानी, हूण, शक, अरब, तुर्क, पठान और मुगल लगभग एक हजार वर्ष तक भारत पर आक्रमण करते रहे। तैमूर लंग, बाबर और नादिरशाह की सेनाओं ने भारत पर आक्रमण कर बहुत अत्याचार किये। हरि सिंह नलवा ने खैबर दर्रे का मार्ग बन्द कर के इस ऐतिहासिक अपमानजनक प्रक्रिया का पूर्ण रूप से अन्त कर दिया था।1837 ई. में जब महाराजा रणजीत सिंह अपने बेटे के विवाह में व्यस्त थे तब सरदार हरि सिंह नलवा उत्तर पश्चिम सीमा की रक्षा कर रहे थे। महाराजा रणजीत सिंह की व्यस्ता के कारण एक महीने तक सैनिक न पहुँचने पर हरि सिंह नलवा अपने मुट्ठी भर सैनिकों के साथ वीरतापूर्वक लड़ते हुए 30 अप्रैल,1837 को वीरगति को प्राप्त हुए।कहते हैं कि आज भी अफगानिस्तान की महिलाएं नलवा के नाम से अपने बच्चो को डराती है, (सो जा बेटे नहीं तो नलवा आ जायेगा) नलवा एक महान योद्धा, भारतीय सीमा का विस्तार करने वाले गुरु गोविन्द सिंह के असली उत्तराधिकारी थे। वे 12 बजे रात अथवा दिन को हमला करते थे लगता था कि जैसे कोई देवदूत हमला कर रहा हो। वह महान देश भक्त, सीमा रक्षक और धर्म रक्षक थे, वे किसी के विरोधी नहीं थे बल्कि उनके अन्दर हिन्दू स्वाभिमान था, ऐसे हिन्दू हृदय सम्राट वीर सेनापति नलवा को उनके बलिदान दिवस पर स्मरण करना हम सब भारतीयों का कर्त्तव्य है ।

**स्तंभकार : प्रसिद्ध कथाकार, कवि एवं लेखक है ।**

# 100वें मोदी के मन की बात में शामिल हुए हजारों लोग

## ऐतिहासिक मन की बात को सबने सुना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में भाजपा ने 850 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, रक्तदाता दम्पति, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक और युवाओं ने ज्यादा से ज्यादा तादाद में सहभागिता की।

रविवार को मन की बात में अलग-अलग स्थानों पर बतौर मुख्य अतिथि/प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी, सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, चेयरमैन प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला संयोजक मन की बात आलोक पाण्डेय ने जिले की चारो नगरीय निकाय के सभी वार्डों में खासतौर से मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में सबकी सहभागिता रही।

मन की बात में प्रधानमंत्री के प्रेरणास्पद विचार को सभी स्थानों पर मौजूद लोगों ने सुना। इस आयोजन के प्रत्यक्ष साक्षी बने। मन की बात के बाद सभी स्थानों पर परिचर्चा हुई। देवेश कोरी ने चितरा गोकुलपुर में कहा कि विचारो से ही परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होती है। मोदी जी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गो को विकास के अवसर मिले हैं। सांसद आरके सिंह पटेल ने भैरोपागा में विशिष्टजनो से कहा कि मोदी जी मन की बात में समाज में परिवर्तन लाने वाले




लोगो का उल्लेख करते हैं। बांदा के जखनी गांव के उमाशंकर पाण्डेय को पद्मश्री से सम्मानित किया। मन की बात के प्रेरणास्पद विचार सबको नवीन ऊर्जा देते हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक पटल पर मान बढ रहा है। सभी मोदी के हाथों को मजबूत रखने को अपना समर्थन और मत मोदी के साथ बनाए रखें।

चन्द्र प्रकाश खरे ने रामलीला भवन में कहा कि मन की बात में जनसहभागिता से विचारों का प्रवाह समाज में तेजी से होगा। अशोक जाटव ने कहा कि सभी एकजुट होकर एक संगठनात्मक शक्ति बने। आलोक पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र में जनसंवाद की संवेदी पहल मन की बात के 100वें एपिसोड की हर वर्ग को प्रतीक्षा थी। पहले अंक से इस शतकीय पड़ाव तक का सफर मोदीजी के साथ जनता का भी रहा है। ये सबके साथ की बात है, सबके विकास की बात है, सबके विश्वास की बात है, सबके प्रयास की बात है ये मन की बात है।

भैरोपागा में सांसद आरके सिंह पटेल की अगुवाई में आयोजित मन की बात में खासतौर पर रक्तदाता दम्पति ज्ञान निषाद और श्रीमती अनीता निषाद, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मईयादीन पटेल, वरिष्ठ चिकित्सक सुरेन्द्र अग्रवाल, व्यापारी विवेक अग्रवाल, ओम केशरवानी, सुनील द्विवेदी, देव त्रिपाठी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सुनील पटेल, शिवाकांत पाण्डेय, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, कुणाल प्रताप सिंह, अखिलेश रैकवार, राघव अग्रवाल, भागवत त्रिपाठी, लक्ष्मण सिंह, विनीता द्विवेदी, आदित्य सुखेन्द्र, हरिओम करवरिया, आनंद त्रिपाठी, रामरतन प्रजापति के साथ जनशक्ति सहभागी हुई।

## दो के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब बरामद, 28 क्वार्टर देशी शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब 28 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

रविवार को पहाडी थाने के दरोगा रविकान्त राय की टीम ने पारस पुत्र सूरजभान विश्वकर्मा निवासी कुचारम के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाना पहाड़ी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा रविकान्त राय, दीवान रामचन्द्र बुन्देला, सिपाही नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

इसी क्रम में मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने बुधराज पुत्र फूलचंद निवासी लौरी हनुमानगंज थाना रैपुरा के कब्जे से 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाना मऊ में आबकारी अधिनियन के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में इंद्रजीत गौतम, सिपाही विवेक कुमार शामिल रहे।

## पर्यटन स्थलों पर बनी रहे स्वच्छता



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता अभियान समिति ने कामदगिरि पर्वत में सफाई अभियान चलाया। कहा कि पर्यटन स्थल को लेकर मोदी बहुत गंभीर है। पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनी रहे। ऐसे स्थानों पर लाखों लोगों का आना-जाना रहता है।

रविवार को 67वें कामदगिरि स्वच्छता अभियान के तहत कामदगिरि पर्वत क्षेत्र में साफ-सफाई की गई। जन जागरूकता के ऐसे अभियान चलाने पर जोर दिया। कामतानाथ का पर्वत बहुत ही प्रसिद्ध स्थल है। करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केंद्र है। हर महीने यहां कई लाख लोग परिक्रमा करने आते हैं। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि सभी से अपील है कि परिक्रमा करते समय कचरा इधर-उधर न फेकें। पर्वत की स्वच्छता बनाए रखें। साफ-सफाई से तन और मन दोनों स्वस्थ और सुरक्षित रहते हैं। अभियान में खासतौर पर जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, अनूप कुमार, मोनू, राजेश कुमार, सुमित केसरवानी, रहमत अली, विनोद कुमार, राजेश कुमार, नगर पालिका की टीम के सहयोग से स्वच्छता अभियान को चलाया।

## जिले में 61 मिले कोरोना पॉजिटिव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में कोरोना संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला अस्पताल में मरीजों की खासी भीड़ देखी गई। किसी ने कोविड नियम का पालन नहीं किया। जिले में कोरोना पाजिटिव की संख्या 61 हो गई है।

रविवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 620 मरीज इलाज कराने पहुंचे। अस्पताल में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तो दूर, मास्क भी नहीं लगाए थे। स्वास्थ्य विभाग संक्रमण की रोकथाम को जरूरी कदम उठाने का दावा कर रहा है। जांच दौरान छह कोरोना संक्रमित मिले हैं। अपर सीएमओ डॉ आरके चैरिहा ने बताया कि 1055 नमूनों की जांच कराई गई है। 559 आरटीपीसीआर व 496 एंटीजन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 61 संक्रमित मिल चुके हैं।

# मंडौर गांव में विकास कार्यों के नाम पर हुआ सरकारी धन का बंदरबाट

## मौके पर नहीं हुए कार्य, बिना कार्य हो गये भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ ब्लाक के मंडौर गांव में प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि, सचिव व तकनीकी सहायक की मिलीभगत से विकास कार्यों के नाम पर फजीर्वाड़ा किया जा रहा है। बिना कार्य कराए ही भुगतान कराये जा रहे हैं। रविवार को मऊ ब्लाक के मंडौर गांव में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। बताया गया कि कन्या पूर्व माध्यामिक विद्यालय मंडौर की बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य में धांधली की गई है। बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ और न ही विद्यालय में एबीएम गेट लगाया गया है, लेकिन भुगतान कर निकाल लिया गया। गांव के कैलाश के घर से सचिवालय तक नाली निर्माण कार्य अधूरा बनाया गया है, जबकि इसमें नाली पहले से बनी थी। उसी नाली पर नव निर्माण कार्य किया गया है। लगभग बीस मीटर नाली बनना बांकी है, लेकिन भुगतान प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

ग्राम पंचायत में हनुमान मंदिर से लल्ली भाई के घर तक सीसी रोड व नाली मरम्मत कार्य बिना कराए ही फर्जी भुगतान निकाला गया है। जबकि मौके में अभी तक कार्य नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य व मोरमीकरण के नाम पर सरकारी धन का जमकर बंदरबाट हुआ है। हैंडपंप मरम्मतीकरण व टैंकर सप्लाई के नाम पर खूब फजीर्वाड़ा करते हुए सरकारी धन का गबन किया है। मजे की बात ये है एक ओर सरकार गांवों में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपए की धनराशि दे रही है, वहीं दूसरी ओर प्रधान व सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का बंदरबाट हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है मंडौर गांव में हुए विकास कार्यों में सरकारी धन के बंदरबाट की जांच कराकर कार्यवाही की जाये।

# महिलाओं के सम्मान मे, निशी सोनी मैदान में

## भाजपा की बागी ने उडाई नींदे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम कर्वी नगर पालिका क्षेत्र के तरौंहा की निवासी निशी सोनी ने भाजपा से बागी होकर नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव खासी सरगर्मी से लड रही है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की नींदे उडा दी है। अध्यक्ष पद की एक मात्र महिला प्रत्याशी निशी सोनी के मैदान में उतरने से भाजपा प्रत्याशी खासे हलाकान हैं।

भाजपा से बागी निशी सोनी के भाई जवाहरलाल सोनी को भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी से निष्कासित कर दिया है। निशी सोनी महिला उद्योग व्यापार मंडल की जिलाध्यक्ष भी है। उन्होंने भाजपा से बागी होकर चुनाव चिन्ह गदा को लेकर चुनावी समर में उतरी हैं। उन्होंने कहा कि वह एक मात्र नगर पालिका अध्यक्ष पद की महिला प्रत्याशी हैं। सबकी बहन-बेटी हैं। जब एक बिटिया घर संभाल सकती है तो नगर पालिका क्यों नहीं संभाल सकती।



उन्होंने अपना संकल्प पत्र भी जारी किया है। संकल्प पत्र में कहा है कि पालिका क्षेत्र में लोगों के बढे दस गुना टैक्स को खत्मकर पुरानी दरें लागू करेंगी। जिन व्यापारी भाइयों की दुकानें गिराई गई हैं, उन्हें प्राथमिकता से कर्वी नगर में दुकानें उपलब्ध करायेंगी। उन्होंने कहा कि पद में आते ही एक सप्ताह के अन्दर हाउस टैक्स, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का दो दिन में समाधान किया जायेगा। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वालों की बेटियों के विवाद को निःशुल्क टाउस हाल दिया जायेगा।

# नौ लोगों को भाजपा ने दिखाया पार्टी से बाहर का रास्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव में पार्टी ने अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ खुद या परिजनों चुनाव लडा रहे नौ लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है।

रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी के निर्देश पर श्रीमती ऊषा भारती महिला मोर्चा मंडल मंत्री ऐंचवारा, श्रीमती गायत्री कोल जिला मंत्री महिला मोर्चा मानिकपुर, श्रीमती आदर्श द्विवेदी



पूर्व चेयरमैन राजापुर, सुनील मिश्रा राजापुर, प्रमोद द्विवेदी, संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, संदीप त्रिपाठी मंडल उपाध्यक्ष मऊ, जितेन्द्र त्रिपाठी मंडल कोषाध्यक्ष मऊ, निशी सोनी व जवाहर सोनी नगर महामंत्री तथा श्रीमती माया प्रजापति जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा को निकाय चुनाव में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से निकाय चुनाव लडने वाले लोगों की मदद करने पर इन सब लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ये सब लोग खुद या पार्टी प्रत्याशी के विरोध में चुनाव लड रहे हैं या परिजनों को लडा रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर इन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

## एसपी के निर्देश पर 12 के खिलाफ हुई गुण्डाएक्ट की कार्यवाही, मची खलबली

अखंड भारत संदेश



चित्रकूट। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 12 लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

रविवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने जनता में भय एवं आतंक फैलाकर अवैध धन अर्जित करने वाले रोशन पटेल पुत्र द्वारिका निवासी रामपुर कल्यानगढ़, रिंकू सिंह उर्फ अभयराज, पिंटू सिंह उर्फ पुष्पराज पुत्र प्रेम सिंह निवासी ऊंचाडीह, अनिल, राजा, बेटू, प्रकाश पुत्र बोधी, संतोष पुत्र मुनकू, लल्लन उर्फ आकाश पुत्र बोरे, गुप्ता पुत्र सरोज निवासी बाल्मीकि नगर, देव कुमार पुत्र भोंडा निवासी ऐलहा, इमाम हुसैन उर्फ भुद्ध पुत्र अली हुसैन उर्फ भुट्टा निवासी महावीरनगर के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

## यातायात प्रभारी ने ग्रामीणों को नियमों के प्रति किया जागरुक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने रैपुरा थाने के अगरहुण्डा गांव के ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी देकर नियमों का पालन करने के प्रति जागरुक किया।

रविवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने बैनर के माध्यम से यातायात संकेतों के बारे में जानकारी दी। सभी से अपील किया कि यातायात नियमों का पालन कर खुद की जान बचायें। ये नियम सबकी सुरक्षा के लिये बनाये गये हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगायें।

उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन व ईयर फोन का प्रयोग न करें। ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का प्रयोग हर हाल में करें। ऐसा न करने पर भारी जुमार्ना लग सकता है।

## अतिक्रमणकारियों नें उखाड़ फेंका एसपी का बोर्ड,जमीन पर रौंदा जा रहा इकबाल

**सुलतानपुर। पुलिस** विभाग के मुखिया एसपी सोमेन बर्मा की ईमानदार छवि और सहनशीलता का लाभ उठाकर बस स्टेशन चौकी पुलिस सिविल लाइन इलाके में ठेले और खोमचे वालों की रहबर बनी हुई है। फीलगुड के चक्कर में मौन बनी पुलिस की नाक के नीचे से अतिक्रमणकारियों नें एसपी आवास को जाने वाले मार्ग पर लगे बोर्ड को उखाड़कर फेंक दिया।

स्थानीय पुलिस जब अपने फायदे के चक्कर में जिले के मुखिया को ही नहीं बचा पा रही है तो आम जनमानस की सुरक्षा राम भरोसे है। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीने से बस स्टेशन इलाके में अराजकता का बोलबाला बढ़ रहा है, जिसे रोक पाने में पुलिस विफल दिख रही है। यहां रात दस बजे के बाद शराबी और अराजकतत्व सक्रिय हो जाते हैं, जिनका भरपूर साथ खोमचे वाले देते हैं। पुलिस इन सब परिस्थितियों को जान बूझकर भी अंजान बनी हुई है। इस संबंध में नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है, यदि ऐसा है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## जलेसर में जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा संपन्न

**जलेसर। नगर के आदर्श** इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय एटा द्वारा प्रवेश परीक्षा कराई गई। आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय मोहन शर्मा ने बताया कि जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में 840 छात्र छात्राओं को परीक्षा देनी थी जिसमें से 342 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा शांतिपूर्वक दी व 498 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे।

इस मौके पर नरायन सिंह उदयवीर सिंह महेश चन्द्र मुकेश कुमार वीरेंद्र सिंह, संजीव कुमार, राजबहादुर सिंह, लवानिया, सीमा वार्ष्णेय, विलेश्वर सिंह,डा.संजय वर्मा,कुन्देश जैन, पुष्पेंद्र सिंह, अशरफ, हरेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार रामवीर सिंह,होडिल,सरमन कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज-अयोध्या मार्ग बनेगा फोरलेन, दायरे में आएंगे 31 गांव

**सुल्तानपुर। प्रयागराज-अ**योध्या नेशनल हाईवे को फोरलेन बनाया जाएगा। इसके दायरे में जिले के 31 गांव आएंगे। शासन के निर्देश पर गांवों को चिह्नित करते हुए राजस्व विभाग ने लोनिवि की एनएच शाखा को सूची उपलब्ध करा दी है। बाईपास समेत फोरलेन के लिए भूमि अधिग्रहण की कवायद शुरू कर दी गई है।

प्रयागराज-अयोध्या नेशनल हाईवे पर प्रतापगढ़ से लेकर अयोध्या तक करीब 90 किमी. की सड़क को फोरलेन बनाने की स्वीकृति मिली है। स्वीकृत फोरलेन का करीब 31 किमी. हिस्सा जिले में आ रहा है। इसे देखते हुए लोनिवि की एनएच शाखा ने भूमि अधिग्रहण के लिए राजस्व विभाग को मानचित्र उपलब्ध कराते हुए गांव चिह्नित करने का पत्र भेजा था। पत्र मिलने के बाद राजस्व विभाग ने फोरलेन के रास्ते में आने वाले गांवों को चिह्नित कर लिया है।

फोरलेन की जद में जिले की तीन तहसीलों के 31 गांव आ रहे हैं। इनमें बाईपास के लिए चिह्नित किए गए सात गांव भी शामिल हैं। गांव को चिह्नित करके सूची लोनिवि की एनएच शाखा को उपलब्ध करा दी गई। सूची मिलने के बाद किसानों की भूमि अधिग्रहीत करने की कवायद शुरू कर दी गई है।

भूमि अधिग्रहण के लिए गजट प्रकाशित करने की तैयारी चल रही है। साथ ही फोरलेन निर्माण की कार्ययोजना का काम भी चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक गजट प्रकाशन के बाद तय की गई राशि व क्षेत्रफल पर आने वाली आपत्तियों की सुनवाई की जाएगी। इसके बाद मुआवजा वितरित करके भूमि को अधिग्रहीत किया जाएगा।

फोरलेन के रास्ते में आने वाले गांव--

प्रयागराज-अयोध्या फोरलेन के रास्ते में लंभुआ तहसील क्षेत्र के महेसुआ, सदर तहसील क्षेत्र के विसानी, रामनगर बनकट, भादा, पकड़ी, उतुरी, तिवारीपुर, अहिमाने, पयागीपुर, नारायनपुर, सौरमऊ, अलहदादपुर, भुल्की, प्यारेपट्टी, लोलेपुर, नकराही, कमनगढ़, ओदरा व सैफुल्लागंज गांवों की भूमि आ रही है।

# ग्यारह सौ लोग मुचलका पाबंद

**औरंगाबाद (बुलंदशहर)। स्थानीय निकाय** चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने की गरज से थाना पुलिस ने लगभग 1100 लोगों को मुचलका पाबद्व किया है। मुचलका पाबद्व लोगों में सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को तथा गड़बड़ी की आशंका वाले असामाजिक तत्वों को शामिल किया गया है थाना प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है।

किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# कन्नौज: गुरसहायगंज में चला आटो टैक्सी, ई-रिक्शा जागरुकता अभियान, 160 का हुआ चालान

**कन्नौज। आटो**, टैक्सी ई-रिक्शा जागरुकता अभियान के अन्तर्गत थाना गुरसहायगंज क्षेत्र में यातायात प्रभारी कन्नौज /कस्बा चौकी थाना गुरसहायगंज पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना गुरसहायगंज क्षेत्र में नगर पालिका गुरसहायगंज की अधिशाषी अधिकारी द्वारा 04 स्थानों को आटो, टैक्सी, ई-रिक्शा स्टैण्ड हेतु चिन्हित किया गया है जो निम्नलिखित है। फरुखाबाद रोड, मिलिट्री ग्राउण्ड के सामने, जी0टी0रोड छिबरामऊ की तरफ नंगापुरवा सड़क के सामने, तिर्वा रोड, ब्रम्हदेव मन्दिर के सामने और जी0टी0रोड कन्नौज, पावर हाउस के पास। उक्त चिन्हित आटो ,टैक्सी ,ई-रिक्शा



स्थान की जानकारी लेकर उनका निरीक्षण किया गया। कस्बा चौकी गुरसहायगंज पुलिस टीम व प्रभारी यातायात कन्नौज द्वारा आटो, टैक्सी, ई-रिक्शा चालको को जागरुक व निर्देशित किया गया कि नगर पालिका द्वारा चिन्हित किये गये स्थानो से ही सवारियों को बैठा कर ले जाये। इसके अलावा सड़क पर सवारी भर रहे आटो टैक्सी ई-रिक्शा चालको के विरुद्ध अभियान चलाकर 160 वाहनो के चालान किये गये। आटो टैक्सी, ई-रिक्शा चालको को जागरुक किया गया कि नगर पालिका द्वारा चिन्हित स्थानों से ही अपने वाहनो का संचालन करें, ताकि कस्बा गुरसहायगंज में जाम की स्थिति न बन पाये तथा वाहनो का आवगमन सुचारु रुप से किया जा सकें। उक्त अभियान जनपद में आगे भी जारी रहेगा।

# विदेश संदेश

## अमेरिका एच-1बी वीजा पंजीकरण का आधुनिकीकरण करने को तैयार, पिछले दिनों मिली थी गड़बड़ियां

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हर साल एच-1बी आवेदकों का सफलतापूर्वक चयन करने के लिए बनाई गई कंप्यूटरीकृत प्रणाली का दुरुपयोग किया गया है और धोखाधड़ी के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई है। अमेरिका की एक संघीय एजेंसी ने कुछ कंपनियों द्वारा वीजा दुरुपयोग और धोखाधड़ी का पता लगाने के बाद एच-1बी पंजीकरण प्रक्रिया को आधुनिक बनाने की योजना की घोषणा की है।

इस योजना से कंप्यूटरीकृत ड्राइंग में अपने कुशल विदेशी कर्मचारियों के लिए एच-1बी हासिल करने की संभावनाओं को कृत्रिम रूप से बढ़ाया जा सकेगा। यह एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो उन अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है, जिन्हें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत-चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर करती हैं। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने कहा, वित्तीय वर्ष 2023 और 2024 के लिए एच-1बी कैप सीजन प्रमाओं के आधार पर व्यापक धोखाधड़ी की जांच की गई और गलत याचिकाओं को अस्वीकार और निरस्त कर दिया है। एच-1बी वीजा प्रदान करने वाली यूएससीआईएस एजेंसी ने कहा कि आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए कानून प्रवर्तन संदर्भ शुरू होने की प्रक्रिया में है। पता चला है कि वीजा जीतने की संभावनाओं को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के लक्ष्य के साथ एक ही आवेदक को कई बार लॉटरी में प्रवेश करने के लिए कुछ कंपनियां जिम्मेदार हैं। यूएससीआईएस ने कहा कि एच-1बी वीजा कार्यक्रम हमारे देश की आव्रजन प्रणाली और हमारी अर्थव्यवस्था का एक अनिवार्य हिस्सा है।

## केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- पीएम मोदी ने विदेश में प्रवासी भारतीयों का सम्मान बढ़ाया

**लंदन।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी भारत के प्रधान मंत्री बने हैं, यूनाइटेड किंगडम में भारतीय प्रवासियों ने स्पष्ट परिवर्तन देखा है। मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने लंदन में प्रवासी भारतीयों से कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से प्रवासी बदलाव देख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीयों का सम्मान बहुत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारतीयों की तीसरी पीढ़ी आ रही है और उन्हें दुनिया भर में एक ताकत के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन की छह दिवसीय यात्रा पर आए केंद्रीय मंत्री ने प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में भारतीय समुदाय का सम्मान बढ़ाया है। दुनिया बड़ी आशा और अपेक्षा के साथ भारतीयों की ओर देख रही है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने लंदन में इंपीरियल कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान इंपीरियल कॉलेज ने घोषणा की कि वह भारतीय मास्टर्स छात्रों के लिए एक नया छात्रवृत्ति कार्यक्रम 'फ्यूचर लीडर्स स्कॉलरशिप' शुरू कर रहा है। इस कार्यक्रम के तहत अगले तीन वर्षों में 30 छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, जिसमें आधी स्कॉलरशिप महिला स्कॉलर्स के लिए आरक्षित होगी। जितेंद्र सिंह ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि इस प्रतिष्ठित कॉलेज में हमारे छात्रों की अच्छी खासी संख्या है। पिछले 8-9 वर्षों में प्रधानमंत्री कुछ बेहतरीन निर्णय लिए हैं, जिससे छात्र बहुत उत्साहित हैं। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि आज मुझे गर्व है कि कॉलेज ने भारतीय छात्रों के लिए 400,000 पाउंड की छात्रवृत्ति की घोषणा की। यह छात्रवृत्ति भारतीय छात्राओं के लिए भी है।

## अमेरिका के टेक्सास में बंदूकधारी ने पांच लोगों की हत्या की, आठ साल का बच्चा भी शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास में एक बंदूकधारी ने पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतकों में आठ साल का एक बच्चा भी शामिल है। यह घटना टेक्सास के क्लीवलैंड में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारी अपने यार्ड में गोलियां चला रहा था। पड़ोसी ने उसे ऐसा करने से मना किया, क्योंकि उन्हें सोने में दिक्कत हो रहा थी। इससे नाराज बंदूकधारी ने आठ वर्षीय बच्चे सहित पांच लोगों को गोली मार दी। सैन जैसिंटो काउंटी के प्रमुख अधिकारी ग्रेग कैपर्स ने कहा कि बंदूकधारी अपने यार्ड में राइफल से शूटिंग कर रहा था। पड़ोसियों ने उसे फायर करने से रोकने के लिए कहा क्योंकि एक बच्चा सोने की कोशिश कर रहा था। कैपर्स ने कहा कि इसके बाद बंदूकधारी ने पड़ोसियों पर फायरिंग कर दी। उन्होंने बताया कि घटना के समय बंदूकधारी ने शराब पी रखी थी। अधिकारी ने कहा कि पीड़ितों के घर के सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध अपनी राइफल के साथ आते हुए कैद हुआ है। अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं बहुत आम हो गई हैं। गन वायलेंस आर्काइव के अनुसार, देश में अब तक कम से कम 174 सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं।

# सीमा समझौतों की अवहेलना के कारण चीन से बिगड़े रिश्ते : जयशंकर



**सेंटो डोमिंगो।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि सीमा समझौतों की अवहेलना के कारण ही चीन से भारत के रिश्ते बिगड़े हैं। उन्होंने सभी देशों के साथ बिना शर्तों के संबंध आगे बढ़ाने की बात कही।

डोमिनिक गणराज्य की पहली यात्रा पर पहुंचे जयशंकर ने वहां के उपराष्ट्रपति रकील पेना के साथ भारत के दूतावास का उद्घाटन किया। डोमिनिकन गणराज्य के राजनयिक स्कूल के बच्चों से बातचीत करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने पूरे क्षेत्र में संपर्क और सहयोग में बड़े पैमाने पर विस्तार देखा है। हालांकि, सीमा पार आतंकवाद के मद्देनजर पाकिस्तान इसका अपवाद बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकतर देशों से भारत के संबंध अच्छे हैं।

चाहे वह अमेरिका, यूरोप, रूस या जापान हो हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि ये सभी संबंध बिना किसी शर्त पर आगे बढ़ें। जयशंकर ने कहा कि चीन से वर्तमान में हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि वह लगातार सीमा पर समझौतों का उल्लंघन करता रहता है। उन्होंने कहा कि संबंध एकतरफा नहीं हो सकते और इसे बनाए रखने के लिए परस्पर सम्मान होना चाहिए।

## चीन के साथ बाइडन की आर्थिक कूटनीति को धक्का, वित्तीय सुधार की दिशा में अमेरिका कर रहा हर प्रयास

**न्यूयॉर्क।** द न्यूयॉर्क टाइम्स में जोश रोजिन लिखते हैं कि अमेरिका पहले से ही वित्तीय सुधार की दिशा में हर संभव प्रयास कर रहा है और चीन के साथ राष्ट्रपति जो बाइडन की आर्थिक कूटनीति देश को उच्च जोखिम में डाल रही है।बाइडन बीजिंग के साथ आर्थिक जुड़ाव के लिए अपने जोर को दोगुना कर रहे हैं। रोजिन का मानना था कि मौजूदा माहौल में चीन पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के अपने जोखिम होंगे। कुछ पर्यवेक्षक बाइडन के पाठ्यक्रम सुधार की प्रशंसा करते हैं, जबकि अन्य बताते हैं कि आउटरीच परिणाम उत्पन्न करने की संभावना नहीं है क्योंकि प्रशासन टैरिफ, प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों और जबरन श्रम से बने उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने की चीन की मांगों को मानने के लिए तैयार नहीं है।

कई राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी चीन पर आर्थिक दबाव बनाने की बाइडन की रणनीति को कम देखते हैं। उदाहरण के लिए, चीन की सरकारी सब्सिडी के दुरुपयोग की जांच करने की एक पूर्व योजना को छोड़ दिया गया है। प्रशासन द्वारा चीन पर नई प्रौद्योगिकी निर्यात प्रतिबंधों की घोषणा के छह महीने बाद, उन सीमाओं को पूरा करने के लिए अंतिम नियम अभी जारी नहीं किए गए हैं।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड का मई में प्रस्तावित भारत दौरा फिलहाल स्थगित

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' का मई में प्रस्तावित भारत दौरा फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। नेपाल में बजट की तैयारियों के चलते प्रधानमंत्री का यह दौरा स्थगित किया गया है। उनका यह दौरा अब जून महीने में होने की संभावना है।

नेपाल के विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री प्रचंड के दौरे को लेकर दोनों पक्षों ने तैयारियां तेज कर दी थीं, लेकिन इस प्रस्तावित दौरे की तारीख दोनों पक्षों के लिए अनुकूल नहीं होने के कारण इसे फिलहाल स्थगित किया गया है। नेपाल में बजट की तैयारी तेज होने के कारण प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा है कि वह मई महीने के बाद ही भारत का दौरा करेंगे। महीने के बाद भी प्रचंड अभी तक किसी देश के दौरे पर नहीं गए हैं।



प्रधानमंत्री प्रचंड अब जून महीने में भारत जा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि इस बार प्रधानमंत्री बनने के करीब पांच उन्हें चीन ने अपने यहां आमंत्रित किया है। हालांकि, प्रचंड इस बार बतौर प्रधानमंत्री पहला विदेश दौरा भारत का करना चाहते हैं।

## नेपाल तातोपानी से चीन को 182 वस्तुओं का करेगा निर्यात, सोमवार को खुल जाएगी क्रासिंग

**काठमांडू।** नेपाल सोमवार से तातोपानी क्रॉसिंग से चीन को निर्यात शुरू कर देगा। चीन ने केवल 182 वस्तुओं के निर्यात की अनुमति दी है। नेपाल तातोपानी क्रॉसिंग को खोलने के लिए लंबे समय से कोशिश कर रहा था। इस पर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच तिब्बत की राजधानी ल्हासा और चीन की राजधानी बीजिंग में तक में चर्चा हो चुकी है।

इसी 17 अप्रैल को एक मई से आयात और निर्यात दोनों का संचालन शुरू करने पर सहमति हुई थी। नेपाल जिन वस्तुओं का चीन को निर्यात करेगा, उनमें जड़ी-बूटी, नूडल्स, हस्तशिल्प की वस्तुएं आदि शामिल हैं। तातोपानी कस्टम्स के प्रमुख दयानंद केसी ने बताया कि चीन से सेब और लहसुन जैसी वस्तुएं ज्यादा आ रही हैं। चीन पके हुए मांस के निर्यात पर सकारात्मक नहीं दिख रहा।अप्रैल में नेपाल के विदेश सचिव भरतराज पौडेल ने इस संबंध में बातचीत के लिए बीजिंग का दौरा किया था। चीन ने बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए तातोपानी क्रॉसिंग को अभी भी बंद कर रखा है। सोमवार से यह बॉर्डर खुल जाएगा। चीन ने अपने हिस्से का निर्माण लगभग पूरा कर लिया है।



# जनसंख्या में भारत से पीछे हुए चीन का बड़ा फैसला, अविवाहित महिलाएं भी पैदा कर सकेंगी बच्चे

**बीजिंग।** आबादी के मामले में भारत से पीछे होने और लगातार जनसंख्या घटने से चीन परेशान हो गया। अब चीन ने बड़ा फैसला लेते हुए अविवाहित महिलाओं को भी बच्चे पैदा करने की छूट देने का फैसला किया है। साथ ही लोगों को बच्चे पैदा करने को लेकर प्रोत्साहित करने के लिए नए नियम भी बनाए जा रहे हैं।

पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र संघ ने आबादी के मामले में चीन के भारत से पिछड़ने का ऐलान किया था। वैसे भी चीन की जनसंख्या तेजी से कम हो रही है और देश में बूढ़े लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। शादी और बच्चों के लालन-पालन में होने वाले खर्च को देखते हुए चीन के लोग बच्चे पैदा करने से कतरा रहे हैं। ऐसे में चीन की सरकार को अपने कार्यबल में कमी आने का डर सता रहा है। यही कारण है कि चीन की सरकार ने लोगों को बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना शुरू किया है। अब चीन एक और नया नियम बनाने जा रहा है, जिसके तहत



अविवाहित महिलाएं न सिर्फ बच्चे पैदा कर सकेंगी, बल्कि कोई चिकित्सकीय समस्या होने की स्थिति में कानूनी तौर पर उपचार भी करा सकेंगी।

चीन के सिचुआन प्रांत में तो अविवाहित महिलाओं को बच्चे पैदा करने की अनुमति दी जा चुकी है। अब चीन की सरकार पूरे देश में इसे कानूनी तौर पर मान्यता देने की तैयारी कर रही है। साथ ही चीन की सरकार अविवाहित महिलाओं के गर्भवती होने पर मैटरनिटी लीव देने, बच्चे पैदा करने पर मिलने वाली सब्सिडी देने और साथ ही इनविट्रोफर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) उपचार की अनुमति देने की भी तैयारी कर रही है। माना जा रहा है कि यदि चीन की सरकार आईवीएफ उपचार को अविवाहित महिलाओं के लिए भी कानूनी दर्जा दे देती है तो ऐसी अविवाहित महिलाएं भी मां बन सकेंगी जो शादी करने की इच्छा नहीं रखतीं।

*पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र संघ ने आबादी के मामले में चीन के भारत से पिछड़ने का ऐलान किया था। वैसे भी चीन की जनसंख्या तेजी से कम हो रही है और देश में बूढ़े लोगों की संख्या भी बढ़ रही है।*

## यूक्रेन का पलटवार : रूस का आरोप- क्रीमिया में ईंधन भंडारण केंद्र पर ड्रोन से हमला

**काठमांडू।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुए अब करीब 14 महीने हो चुके हैं। अपनी जबरदस्त सैन्य और हथियारों की क्षमता की वजह से दोनों देशों की इस लड़ाई में अब तक पलड़ा रूस का ही भारी रहा है। हालांकि, यूक्रेन ने भी रूसी सैनिकों को सीमाई क्षेत्रों तक सीमित करने में काफी हद तक सफलता पाई है। इतना ही नहीं यूक्रेन ने कई मौकों पर रूस के अंदर घुसकर भी हमलों को अंजाम दिया है। रूसी सेना से मुकाबले की इसी कड़ी में यूक्रेन की तरफ से क्रीमिया में ड्रोन हमलों को अंजाम दिया गया। रिपोर्ट्स की मानें तो इस हमले में रूस के ईंधन भंडारण केंद्र का बड़ा हिस्सा तबाह हुआ है। रूस की ओर से जो जानकारी दी गई है, उसके मुताबिक, यूक्रेनी ड्रोन ने क्रीमिया के सेवास्तोपोल बंदरगाह पर हमला किया, जिसमें यहां के ईंधन भंडारण केंद्र को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के एक खुफिया सैन्य अफसर ने दावा किया कि केंद्र में तेल ले जाने वाले 10 टैंक, जिनकी क्षमता 40 हजार टन के करीब थी, को तबाह कर दिया गया है। इनका इस्तेमाल रूस के काला सागर में तैनात नौसैनिक बेड़े द्वारा किया जाना था। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपनी जमीन पर बढ़ते रूसी हमलों के खिलाफ करारा जवाब देने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया था कि यूक्रेनी सेना रूस के हमलों का जवाब देने में कारगर है और अपनी जमीन छुड़ाने में भी सक्षम है। बता दें कि यूक्रेन लगातार क्रीमिया को अपना हिस्सा बताता रहा है। इस क्षेत्र पर 2014 के बाद से ही रूस ने सैन्य अभियान चलाकर कब्जा कर लिया था। हालांकि, मॉस्को का आरोप है कि कीव ने अब तक क्रीमिया पर हमले के लिए कई हवाई और समुद्र से संचालित होने वाले ड्रोन्स का सहारा लिया है। सेवास्तोपोल के रूस समर्थित गवर्नर मिखाइल रैजवोझेव ने कहा कि हमले के लिए आए कई सारे ड्रोन्स में सिर्फ एक ही ड्रोन तेल के टैंकर पर हमले में सफल हो पाया।

## मस्क की लीडरशिप पर डोर्सी की तीखी प्रतिक्रिया, कहा- उन्हें ट्विटर खरीदने से पीछे हट जाना चाहिए था

**न्यूयॉर्क।** ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी ने एक साल में ही एलन मस्क पर अपना रुख बदल लिया। एक साल पहले डॉरसी ने ही ट्विटर के लिए एलन मस्क को एकमात्र समाधान बताया था। डोर्सी ने शुक्रवार को मस्क के लीडरशिप पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि मस्क टेक अरबपति मंच के आदर्श खराब होने का एहसास होने के बाद भी उन्होंने सही काम किया। न ही मुझे लगता है कि कंपनी को



बेचने के लिए बोर्ड को जबरदस्ती करनी चाहिए थी। लेकिन सब खराब हो गया। अब केवल इतना कर सकते हैं कि इसे दोबारा होने से बचाने के लिए हम कुछ बना सकते हैं। मैं खुश हूं कि मेरे पास जे और टीम और नोस्टर देव्स मौजूद हैं और वे इसे बना रहे हैं।' एक दूसरे पोस्ट में डोर्सी ने कहा कि उन्हें बोर्ड को एक बिलियन डॉलर का भुकतान करके चले जाना चाहिए। अगर मस्क या कोई भी कंपनी को खरीदना चाहता है तो उन्हें केवल एक कीमत निर्धारित करना था, जिसमें बोर्ड को लगा कि कंपनी जो स्वतंत्र रूप से करना चाहती है उससे यह बेहतर है।

एक अन्य यूजर ने उनसे पूछा कि यह जिस तरह से नीचे जा रहा है बहुत ही दुखद है। डॉरसी ने इसपर कहा- 'हां।'

करीब एक साल पहले ही डोर्सी ने कहा था कि अगर ट्विटर को एक कंपनी बनना है तो एलन मस्क ही एकमात्र समाधान है, जिस पर मुझे भरोसा है। डोर्सी ने कहा कि सिद्धांत के तौर मैं नहीं मानता कि किसी को भी ट्विटर का मालिक बनना चाहिए या उसे चलाना चाहिए। इसे प्रोटोकॉल स्तर पर एक सार्वजनिक वस्तु बने रहना चाहिए कंपनी नहीं। हालांकि, इसे एक कंपनी बनाने का समाधान एकमात्र एलन मस्क ही है, जिस पर मुझे भरोसा है। मुझे उनके मिशन पर भरोसा है। डॉरसी ने यह बात मस्क के ट्विटर अधिग्रहण से पहले ट्वीट कर कहा था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## दक्षिण चीन सागर में फिर बढ़ा तनाव, अमेरिका की चीन को चेतावनी- भड़काऊ हरकतें बंद कर दें

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने चीन को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह दक्षिण चीन सागर में अपनी भड़काऊ और असुरक्षित हरकतों को बंद कर दे। अमेरिका का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपींस के बीच तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों में तनाव एक घटना के बाद बढ़ा है, जिसमें फिलीपींस कोस्ट गार्ड की एक नौका, चीन के जहाज से टकराने से बच गई। गौरतलब है कि फिलीपींस के राष्ट्रपति भी जल्द अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं।

**क्या कहा अमेरिका ने**

अमेरिका के गृह विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान जारी कर कहा है कि यह घटना चीन के उत्पीड़न और दूसरे देशों को डराने का उदाहरण है। हमने बीजिंग को कहा है कि वह अपने भड़काऊ और असुरक्षित आचरण को बंद कर दे। बता दें कि अमेरिका और चीन के रिश्तों में हाल के समय में थोड़ी खटास आई हुई है। ऐसे में अमेरिका एशिया के अन्य देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने में जुटा है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, जबकि कई अन्य देश भी दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करते हैं, जिनमें फिलीपींस भी शामिल है। यही



वजह है कि दोनों देशों के बीच विवाद बना हुआ है।

**दोनों देशों के बीच अब क्यों बढ़ा है तनाव**

दरअसल रविवार को फिलीपींस कोस्ट गार्ड ने दुनियाभर के कई पत्रकारों को अपने जलक्षेत्र में द्वीप और जलीय सीमा दिखाने के लिए आमंत्रित किया है। जब पत्रकारों को लेकर जा रही फिलीपींस की नौका स्प्रेटली द्वीप के पास पहुंची तो सामने से चीन के कोस्ट गार्ड का जहाज आ रहा था, जो साइज में फिलीपींस की नौका से दोगुना था। दोनों जहाज जब कुछ ही कदमों की दूरी पर रह गए तब तक भी चीन का जहाज रास्ते से नहीं हटा और दोनों नौका और जहाज टकराने की स्थिति में लगभग पहुंच ही गए थे कि फिलीपींस के कोस्ट गार्ड के जवानों ने बामुश्किल अपनी नौका को रास्ते से हटाया। वहीं चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर फिलीपींस पर ही भड़काने वाली हरकतें करने का आरोप लगा दिया है।

**फिलीपींस ने दिया जवाब**

वहीं चीन के आरोप पर फिलीपींस ने कहा है कि उनकी नौका अपने जलक्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी और यह किसी भी तरह से भड़काऊ कार्रवाई नहीं है। फिलीपींस ने ये भी कहा कि वह आगे भी अपने जलक्षेत्र में इसी तरह पेट्रोलिंग करते रहेंगे। बता दें कि अमेरिका ने फिलीपींस में हाल ही में विवादित स्प्रेटली द्वीप के पास चार नए मिलिट्री बेस बनाए हैं, जबकि पांच बेस पर पहले से ही अमेरिका के जवान तैनात हैं। यही वजह है कि चीन भड़का हुआ है।

# डीजीसीए ने दुबई-दिल्ली उड़ान मामले में एयर इंडिया के सीईओ को भेजा नोटिस

**मुंबई/नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय(डीजीसीए) ने टाटा की अगुवाई वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया (एआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैम्पबेल विल्सन को कारण बताओ नोटिस भेजा है। डीजीसीए ने विल्सन को यह नोटिस 27 फरवरी, 2023 को एआई की दुबई-दिल्ली उड़ान के दौरान पायलट की एक महिला मित्र के कॉकपिट में आने और इसकी सूचना समय पर नहीं देने के मामले में भेजा है। डीजीसीए ने रविवार को यह जानकारी दी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में एयर इंडिया के



सीईओ के साथ सुरक्षा, रक्षा और गुणवत्ता परिचालन प्रमुख हेनरी डोनोहो को भी कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। अधिकारी के मुताबिक दोनों अधिकारियों को नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। हालांकि, एयर इंडिया की ओर से फिलहाल कोई बयान नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि एआई के दुबई-दिल्ली उड़ान के चालक दल के एक सदस्य ने डीजीसीए को इसकी शिकायत की थी कि पायलट ने अपनी महिला मित्र को कॉकपिट में आने की अनुमति दी थी। इसके बाद विमानन नियामक ने इसी महीने एयर इंडिया को इस मामले की जांच पूरी होने तक चालक दल के सभी सदस्यों को ड्यूटी(रोस्टर) से हटाने का निर्देश दिया था। हालांकि, विमानन कंपनी ने 21 अप्रैल को डीजीसीए को कहा था कि उसने उस कथित घटना को गंभीरता से लिया था और मामलों की जांच चल रही है।